Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 347 | शनिवार, 20 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 'वायु प्रदूषण पर चर्चा को तैयार थी सरकार



नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को विपक्ष पर संसद में वायु प्रदूषण पर बहस को बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ सांसदों ने ग्रामीण रोजगार गारंटी विधेयक पर बहस के दौरान ऐसा व्यवहार किया, जिसके कारण प्रदूषण पर चर्चा नहीं हो पाई।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा, हम प्रदूषण पर बहस के लिए पूरी तरह तैयार थे। लेकिन कांग्रेस ने आसन के सामने (वीबी-जी राम जी विधेयक पर) विरोध प्रदर्शन करने के लिए दूसरों को उकसाया। उन्होंने कागज फेंके, कागज के हवाई जहाज बनाए और मेजों पर चढ़कर कार्यवाही बाधित कर दी। संसद के शीतकालीन सत्र के समापन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए रिजीजू ने कहा, मैं विपक्ष को बताना चाहता हूं कि उन्हें ऐसी चालों से वोट नहीं मिलेंगे। केवल अच्छे काम ही उन्हें वोट दिला सकते हैं। विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया, जिससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी खतरे पर कोई चर्चा नहीं हो सकी। रिजीजू ने सत्र को अत्यंत सफल बताया।

## 10 महीने चलकर ठप हो गई श्रावस्ती एयरपोर्ट पर उड़ान सेवा



इकौना। 23 दिसंबर 2024 को कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की की वजह से श्रावस्ती एयरपोर्ट से उड़ान पर रोक लगा दी गई थी। जो एक वर्ष बाद भी शुरू नहीं हो सकी है। इससे पर्यटकों, क्षेत्रवासियों और युवा बेरोजगारों में निराशा है। व्यवस्थागत खामियों के कारण बंद उड़ान शुरू न हो पाने से आकांक्षी जिले में हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा करने का सपना धूमिल पड़ रहा है। वर्ष 1993 में तत्कालीन राज्यपाल मोती लाल बोरा ने श्रावस्ती हवाई पट्टी की आधारशिला रखी। 22 मई 1997 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने टर्मिनल भवन का लोकार्पण किया। 10 मार्च 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल शुभारंभ किया। 12 मार्च को पहली यात्री उड़ान शुरू हुई, जो 23 दिसंबर 2024 में ठप हो गई।

## लेखपाल भर्ती में आरक्षण विसंगति पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई

# सीएम योगी बोले - किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेखपाल भर्ती के विज्ञापन में आरक्षण विसंगति पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने राजस्व परिषद को चेतावनी देते हुए राजस्व लेखपाल सहित सभी भर्तियों में पूरी तरह से आरक्षण के प्रविधानों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरक्षण प्रविधानों में किसी भी प्रकार की त्रुटि व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राजस्व परिषद अब भर्ती को लेकर अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को दोबारा संशोधित अधियाचन भेजेगा। लेखपालों की भर्ती के विज्ञापन में आरक्षण की विसंगतियों को लेकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा था। उन्होंने पत्र में स्पष्ट किया है कि लेखपालों के 7994 रिक्त पदों पर 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करने पर पदों की कुल संख्या 2158 होनी चाहिए, लेकिन विज्ञापन में ओबीसी के लिए कुल 1441 पद दर्शाए गए हैं। लेखपाल के स्थायी पदों की कुल संख्या में श्रेणीवार अनारक्षित (सामान्य) 4185 पद, अनुसूचित जाति के 1446, अनुसूचित जनजाति के 150 अन्य पिछड़ा वर्ग के 1441 तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 792 पद आरक्षित किए गए हैं। अन्य वर्गों के आरक्षण में कोई कटौती नहीं की गई है, सिर्फ ओबीसी वर्ग के आरक्षण में कटौती की गई है।



## 2000 करोड़ की लागत से सेना खरीदेगी 850 घातक 'कॉमिकेज ड्रोन'



नई दिल्ली।

ऑपरेशन सिंदूर से मिले सबक के बाद भारतीय सेना ने अपनी ड्रोन क्षमता को और मजबूत करने का फैसला किया है। इसके तहत सेना करीब 2000 करोड़ रुपये की लागत से 850 कॉमिकेज (लोइटरिंग म्यूनिशन) ड्रोन खरीदने की तैयारी में है।

रक्षा सूत्रों के अनुसार, यह प्रस्ताव अधिग्रहण के एडवांस स्टेज में है और इस महीने के आखिरी सप्ताह में होने वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की उच्चस्तरीय बैठक में इसे मंजूरी मिल सकती है। सूत्रों ने बताया कि फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया के तहत लागू होने वाले इस प्रस्ताव में स्वदेशी स्त्रोतों से ड्रोन और उनके लांचर शामिल होंगे। इन ड्रोन का इस्तेमाल थलसेना, नौसेना, वायुसेना और विशेष बलों को सशक्त बनाने के लिए किया जाएगा। भारतीय सेना पहले से ही विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त बड़ी संख्या में लोइटरिंग म्यूनिशन का उपयोग कर रही है और आने वाले समय में करीब 30,000 ड्रोन शामिल करने की योजना पर भी काम चल रहा है। इसके तहत हर इन्फैंट्री बटालियन में एक 'अश्नि प्लाटून' गठित की जाएगी, जो दुश्मन के ठिकानों पर हमले और आतंकवाद-रोधी अभियानों में ड्रोन संचालन की जिम्मेदारी संभालेगा।

## सीरिया में आतंक के अड्डों पर अमेरिकी वार 70 ठिकानों पर हवाई हमले

नई दिल्ली।



सीरिया में अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद ट्रंप प्रशासन ने इस्लामिक स्टेट पर बड़ा हमला किया है। अमेरिकी सेना ने 70 ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई और जमीनी कार्रवाई की। ट्रंप ने इसे बदले की कार्रवाई बताया। सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के खिलाफ अमेरिका ने बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया है। अमेरिकी सैनिकों और एक अमेरिकी दुभाषिये की मौत के बाद ट्रंप प्रशासन ने बदले की कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को सीरिया में आईएस ठिकानों पर व्यापक हवाई हमले किए। अमेरिका ने साफ शब्दों में कहा है कि यह कोई युद्ध की शुरूआत नहीं, बल्कि अपने नागरिकों की हत्या का जवाब है। वहीं, अमेरिकी रक्षा मंत्री ने भी कहा कि ये युद्ध की शुरूआत नहीं, हमारा बदला है। लगभग एक हफ्ते पहले सीरिया के रेगिस्तानी इलाके में हुए घातक हमले में दो अमेरिकी सैनिक और एक अमेरिकी नागरिक दुभाषिया मारे गए थे। इस हमले के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सीधे तौर पर इस्लामिक स्टेट को जिम्मेदार ठहराया था। इसके बाद ट्रंप ने बेहद सख्त कार्रवाई का ऐलान किया था। उसी कड़ी में अमेरिकी सेना ने सीरिया के मध्य हिस्सों में आईएस के ठिकानों और हथियार भंडारों को निशाना बनाया।

## उत्तर भारत में कोहरे-सर्दी का कहर जारी, मौसम विभाग का अलर्ट

नई दिल्ली।

उत्तर भारत में कोहरे और कड़ाके की सर्दी का असर लगातार बढ़ रहा है। कश्मीर और हिमाचल में तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के चलते पहाड़ों में बारिश-बर्फबारी और मैदानों में ठंड बढ़ने का अलर्ट जारी किया है।

पंजाब और हरियाणा समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्य राज्य मौसम की दोहरी मार की चपेट में हैं। एक ओर मैदानों में घना कोहरा, सूखी ठंड और बढ़ता वायु प्रदूषण जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर पहाड़ी राज्यों में लंबे सूखे के बाद अब बारिश और बर्फबारी के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार 20 से 23 दिसंबर के बीच पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण पहाड़ों में मौसम बदल सकता है, लेकिन मैदानों में फिलहाल राहत सीमित ही रहने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, उत्तर भारत और आसपास के इलाकों में दो पश्चिमी विक्षोभ प्रभावी हैं। एक ईरान और आसपास के क्षेत्रों में, जबकि दूसरा जम्मू-कश्मीर के आसपास बना हुआ है। इन मौसमी प्रणालियों के कारण ऊपरी वायुमंडल में तेज पश्चिमी हवाएं चल रही हैं, जिससे मौसम शुष्क, ठंडा और अस्थिर बना हुआ है। पहाड़ी इलाकों में बादल तो छाए हैं, लेकिन अभी तक अधिकांश स्थानों पर पर्याप्त बारिश या बर्फबारी नहीं हो पाई है। पंजाब और हरियाणा में घने कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड भी पड़ रही है।



### मौसम का पूवार्नुमान

आईएमडी ने 20 दिसंबर की सुबह और रात में पंजाब में घना कोहरा छाए रहने और भीषण ठंड पड़ने की संभावना जताई है। उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तरी मध्य प्रदेश और बिहार में 21 दिसंबर की सुबह तक और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 22 दिसंबर की सुबह तक घना कोहरा छाए रहने और ठंड बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया गया है।

## पीएम मोदी से मिले नितिन नबीन, प्रधानमंत्री ने नई जिम्मेदारी मिलने पर दी बधाई



नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। पीएम मोदी ने इस दौरान नितिन नबीन को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की। इस मुलाकात की जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में नितिन नबीन को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

## 3200 करोड़ की परियोजनाओं की देंगे सौगात

# आज ममता के गढ़ बंगाल में पीएम मोदी की रैली

नई दिल्ली।

बंगाल फतह के लिए भाजपा पूरी ताकत के साथ लड़ने जा रही है जिसकी कमान सीधे पीएम मोदी के हाथ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पश्चिम बंगाल की यात्रा पर जाएंगे। सुबह लगभग 11 बजकर 15 मिनट पर प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के राणाघाट में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। पीएम मोदी का यह दौरा अगले साल होने वाले चुनावों को लेकर काफी अहम है, क्योंकि एसआईआर के मुद्दे पर सीएम ममता बनर्जी सीधे केंद्र पर निशाना साध रही हैं। वहीं, मोदी भी ममता बनर्जी और एसआईआर मुद्दे पर बड़ा बयान दे सकते हैं। प्रधानमंत्री लगभग 3,200 करोड़ रुपये की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और उनकी आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के बाराजागुली कृष्णनगर मार्ग पर 66.7 किलोमीटर लंबे 4-लेन का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के बारासात बराजागुली मार्ग पर 17.6 किलोमीटर लंबे 4-लेन की आधारशिला भी रखेंगे। ये परियोजनाएं कोलकाता और सिलीगुड़ी के बीच महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग के रूप में काम करेंगी। इन परियोजनाओं से यात्रा के समय में लगभग 2 घंटे की बचत होगी, निर्बाध यातायात के लिए वाहनों की तेज और सुगम आवाजाही सुनिश्चित होगी।



### प्रधानमंत्री मोदी असम के दौरे पर

प्रधानमंत्री असम में लगभग 15,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे लगभग 1.4 लाख वर्ग मीटर में फैला नया टर्मिनल भवन प्रति वर्ष 1.3 करोड़ यात्रियों को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है। नए टर्मिनल भवन को ¤बांस के बाग¤ विषय के तहत असम की जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत से प्रेरणा मिली है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा पीड़ितों के बयानों को दें महत्व

# 'बाल तस्करी और जबरन वेश्यावृत्ति बेहद चिंताजनक'



नई दिल्ली।

देश में बाल तस्करी और जबरन वेश्यावृत्ति की बेहद चिंताजनक स्थिति का संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि यौन तस्करी के पीड़ितों, विशेषकर नाबालिग के बयान को उचित महत्व दिया जाना चाहिए और विश्वसनीय माना जाना चाहिए।

जस्टिस मनोज मिश्रा और जोयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि अदालतों को तस्करी की शिकार नाबालिग के साक्ष्यों को उसकी सामाजिक-आर्थिक और कभी कभी सांस्कृतिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए समझना चाहिए। खासकर तब जब वह किसी हाशिये पर स्थित या सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से पिछड़े समुदाय से संबंधित हो। सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी के एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा- संगठित अपराध नेटवर्क की जटिल संरचना विभिन्न स्तरों पर काम करती है। इनमें नाबालिग पीड़तों की भर्ती, उसे एक जगह से दूसरी जगह ले जाना और शोषण शामिल है। इस तरह की संगठित आपराधिक गतिविधियां देखने में स्वतंत्र इकाइयों की तरह लगती हैं, जिनके गुप्त अंतर्संबंधों को छल और कपट के जरिये बड़ी चतुराई से छिपाया जाता है, ताकि भोले-भाले पीड़तों को गुमराह किया जा सके। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस स्थिति को देखते हुए तस्कर के खतरनाक एजेंडे के खिलाफ यदि कोई पीड़ित बयान नहीं देती है, तो उसे अविश्वसनीय या मानवीय आचरण के विरुद्ध मानकर खारिज नहीं किया जाना चाहिए।

## संपादक की कलम से

# भारत तोड़ो की साजिशें


ललित शर्मा
संपादक

बीती 16 दिसंबर वह तारीख थी, जब 1971 में पाकिस्तान के 93,000 फौजियों को भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण करना पड़ा था। उन्हें अपने हथियार जमीन पर रखने पड़े थे। नतीजतन बांग्लादेश की मुक्ति का आगाज हुआ था। भारतीय सेनाओं ने बांग्ला मुक्ति संग्राम में विशेष योगदान दिया था और पाकिस्तान को दोफाड करने की लडाई लडी थी। पूर्वी पाकिस्तान, अंतत: बांग्लादेश बना था। वह भारत का ही सृजन था, लेकिन शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से तख्तापलट के बाद हमारी ही औलादअब हमें आंखें दिखा रही है। यह असहनीय होना चाहिए। भारत को कड़ी प्रतिक्रिया, बल्कि कार्रवाई करनी चाहिए। सिर्फ उसके राजदूत को मंत्रालय में बुला कर विरोध जताने से कुछ नहीं होगा, क्योंकि नौबत भारत तोड़ोतक की आ गई है। बांग्लादेश के अराजक और जेहादी तत्त्व धमकियां दे रहे हैं। पूर्वोत्तर के सात राज्यों को भारत से अलग करने, वहां विद्रोहियों को पुन: सक्रिय करने और तनाव, उग्रवाद फैलाने की धमकियों के अलावा साजिशें भी रची जा रही हैं। अब पाकिस्तान बांग्लादेश को अपना भाईबता रहा है और साजिशों का सूत्रधार बना है। उल्फा की सैन्य ईकाई के सरगना परेश बरुआ को चीन से ढाका लाने की कोशिशें जारी हैं, ताकि पूर्वोत्तर को फिर अस्थिर किया जा सके। ढाका में भारतीय दूतावास के बाहर बेहद उत्तेजक और उन्मादी विरोध–प्रदर्शन किया गया। दूतावास में घुसने की कोशिशें की गईं। नारे लगाए गए–बाबर के रास्ते पर चलो, सात राज्यों को आजाद कराओ्जो हत्यारे को पनाह दे, उसे तोड़ दो, तोड़ दो।शेख हसीना को हत्याराकरार दिया जा रहा है, जिन्हें भारत ने शरण दी है। बांग्लादेश सरकार की ओर से बार–बार आग्रह किया जा रहा है कि भारत शेख हसीना को सौंप दे। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार (परोक्ष रूप से प्रधानमंत्री) मुहम्मद यूनुस 85 साल के हो गए हैं, लेकिन उनका एकमात्र मकसद शेख हसीना को फांसी पर लटकाने का लगता है। इस संदर्भ में वहां की एक अदालत से सजा–ए–मौतका फैसला भी करा लिया गया है। यूनुस को 2006 में नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया था, लेकिन अब इस उम्र में उनकी राजनीतिक महत्त्वाकांक्षाएं उभर आई हैं। देश का विकास जाए भाड़ में, उन्होंने बांग्लादेश को कट्टरपंथी इस्लामी देश में तबदील करने का मानो संकल्प लिया है! देश में हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं, हिंदुओं की हत्याएं की जा रही हैं और देश से बेदखल करने की धमकियां दी जा रही हैं, हिंदुओं के मंदिर, घर–दुकानों को तोड़–फोड़ कर आग के हवाले किया जा रहा है। यह पराकाष्ठा है कि अब पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की साजिशें सामने आ रही हैं। बांग्लादेश के कठमुल्ला, कट्टरपंथी बयान सामने आ रहे हैं कि बांग्लादेश और पूर्वोत्तर के बीच चिकननेकको बंद किया जाए, ताकि पूर्वोत्तर अपने आप ही भारत से कट जाए। बांग्लादेश की कट्टरपंथी, भारत–विरोधी जमात यह नहीं जानती कि भारत 1971 में ही इस चिकननेकको चौड़ा कर सकता था अथवा इसे अपने कब्जे में ले सकता था, लेकिन भारत ने बांग्ला की मुक्ति और आजादी का सम्मान किया। बीते गुरुवार को संसद में विदेश मंत्रालय की स्थायी समिति की रपट में कहा गया है कि बांग्लादेश की वायुसेना के लालमोनिरहाट एयरबेस की हवाई पट्टी चीन बना रहा है। यह इलाका सिलीगुड़ी कॉरिडोर के बेहद करीब है, जिसे संवेदनशील चिकननेकके तौर पर जानते हैं।

मोनिका डागा

भ्रष्टाचारी

कविता



बौखला रहे हैं सारे भ्रष्टाचारी,
नीदें उड़ाई सरकार ने हमारी,
बन गई है हमारी तो भाजी,
हम करेंगे केवल नारे बाजी ।

वर्षों से था केवल हमारा राज,
हम करते नहीं थे कोई काज़,
घोटालों में लिप्त गिराते गाज,
उस वक्त हमें था खुद पर नाज ।

एक हो गए हैं अब सारे देशद्रोही,
बने हैं देशभक्तों के ये नए विद्रोही,
दुष्ट पापी भ्रष्टाचारी ये बड़े निर्दयी,
कूटनीतिज्ञ करामाती ये राष्ट्रद्रोही ।

कैसे हटी ये धोखाधड़ी की माया,
समझ में हमारे अभी तक न आया,
जनता में भी जोश ₹आनंद₹ छाया,
बेहोश थी पहले नींदों से जगाया ।

नई सरकार कभी रुपया बदलती,
तो कभी ये पुराने ऐक्ट बदलती,
कभी नया बिल लाकर बरसती,
तूफानों सी एकधार ये हैं गर्जती ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भारतीय भाषाएं भारत रूपी माला में पिरोए मोती हैं जिसके प्रकाश से भारत आज विश्व में जगमगा रहा है

भारत देश संस्कृति, भाषाओं, उपनिषद साहित्य से पिरोई ऐसी खूबसूरत माला है जो वैश्विक रूप से अनमोल है इस भारतीय विरासत को देखने हजारों की संख्या में सैलानी भारत आते हैं और यह भारतीय खूबसूरती विश्व प्रसिद्ध हैं। साथियों इस भारत रूपी माला में पिरोए मोतियों में से भाषा एक अनमोल मोती है। साथियों बात अगर हम भाषा की करें तो, भाषा, मुख से उच्चारित होने वाले शब्दों और वाक्यों आदि का वह समूह है, जिनके द्वारा मन की बात बताई जाती है।किसी भाषा की सभी ध्वनियों के प्रतिनिधि स्वर एक व्यवस्था में मिलकर एक सम्पूर्ण भाषा की अवधारणा बनाते हैं।सामान्यतः भाषा को वैचारिक आदान-प्रदान का माध्यम कहा जा सकता है। साथियों बात अगर हम भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची की करें तो, इसमें 22 भाषाएँ तो आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त हैं ही पर यदि सब गिनी जाएँ तो हमारे देश में 30 से अधिक भाषाओं के साथ 100 से अधिक क्षेत्रीय भाषाएँ भी हैं।अनुसूचित भाषाएं 1) असमिया, (2) बंगला, (3) बोड़ो, (4) डोगरी, (5) गुजराती, (6) हिंदी, (7) कन्नड़, (8) कश्मीरी, (9) कोंकणी, (10) मैथिली, (11) मलयालम, (12) मणिपुरी, (13) मराठी, (14) नेपाली, (15) उड़िया, (16) पंजाबी, (17) संस्कृत, (18) संथाली, (19) सिंधी, (20) तमिल, (21) तेलुगू और (22) उर्दू। साथियों बात अगर हम हिंदी भाषा की करें तो, यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है।जो हमारे पारम्?परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्?यता औरआधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी भारत संघ कीराजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है।संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य इक्कीस भाषाओं के साथ हिंदी का एकविशेष स्थान है। साथियों बात अगर हम सभी अनुसूचित और गैर-अनुसूचित भाषाओं की करें तो यह भारतीयता की खूबसूरती है कि, इतनी भाषाओं के बीच भारत अपनी खूबसूरती बिखेर रहा है।यह भारतवर्ष के लिए आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान रखता है। क्योंकि मुख से उच्चारित भाषा के आदान-प्रदान से ही ज्ञान की ज्योत प्रजवलित होती हैं।हमें इन सभी भाषाओं, जो अनुसूचित नहीं भी हैं, उसका संरक्षण करना जरूरी है

साथियों बात अगर हम अंग्रेजी भाषा की करें तो आज के आधुनिक डिजिटलाइजेशन युग में अंग्रेजी बोलचाल का फैशन सा हो गया है, जो मातृभाषा में बात करता है उसे हम पुराने जमाने की सोच का दर्जा देते हैं।हम अपने सामाजिक भाषाओं की विलुप्तता को प्रोत्साहन देने का काम करते हैं जिसे रोकना होगा।क्योंकि हमारे भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश सहित अनेक प्रशासनिक व्यक्तित्व की प्राथमिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में ही हुई है। इसलिए भारतीय भाषाएं भारत रूपी माला में पिरोए वह मोती हैं जिसके प्रकाश से ही आज भारत विश्व में जगमगा रहा है।इसलिए भारतीय भाषाओं का वैज्ञानिक और तकनीकी स्तर पर संरक्षण जरूरी है। साथियों बात अगर हम भारतीय भाषाओं के संरक्षण में माननीय उपराष्ट्रपति के एक भारतीय भाषादिवस के अवसर पर वर्चुअल संबोधन की करें तो पीआईबी की प्रेसविज्ञप्ति के अनुसार, उपराष्ट्रपति ने इसका उल्लेख किया कि भाषा न केवल हमारी पहचान का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे आत्मविश्वास को भी बढ़ाती है।इसके लिए, उन्होंने प्राथमिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में होने की जरूरत को रेखांकित किया, जिसकी परिकल्पना राष्ट्रीय शिक्षा नीति में की गई है और आखिरकार उच्चतर व तकनीकी शिक्षा तक इसे विस्तारित किया जाना है।उन्होंने व्यापक पहुंच को सुविधाजनक बनाने के लिए भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली में भी सुधार का सुझाव दिया। और कहा, यह आत्मविश्वास आत्मनिर्भरता की ओर ले जाएगा और धीरे-धीरे आत्मानिर्भर भारत की राह बनाएगा।भारतीय भाषाओंके इस्तेमाल को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए कुछ उपायों की सूची बनाते हुए, उपराष्ट्रपति ने प्रशासन में स्थानीय भाषाओं के उपयोग, बच्चों के बीच पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने और शहरों व गांवों में पुस्तकालयों की संस्कृति को प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया।उन्होंने विभिन्न भारतीय भाषाओंके साहित्यिक कार्यों का अनुवाद करने के लिए और अधिक पहल करने का भी आह्वान किया। उन्होंने इस बात की इच्छा व्यक्त की कि बच्चों को खेल और गतिविधियों के जरिए सरल तरीके से भाषा की बारीकियां सिखाया जाएं।भाषा की जीवंत संस्कृति को बनाए रखने के लिए एक जन आंदोलन की जरूरत है।उन्होंने इस बात पर भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त की कि सांस्कृतिक और भाषाई पुनर्जागरण को लोगों का अधिक से अधिक समर्थन मिल रहा है।उन्होंने इस बात पर भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त की कि सांस्कृतिक और भाषाई पुनर्जागरण को लोगों का अधिक से अधिक समर्थन मिल रहा है।भाषा और संस्कृति के बीच गहरे संबंध को देखते हुए, उन्होंने युवाओं को अपनी जड़ों से फिर से जुड़ने के लिए भाषा का इस्तेमाल करने की सलाह दी। और कहा, भाषा संचार के एक माध्यम से कहीं अधिक है, यह अदृश्य धागा है जो हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य को जोड़ता है।मातृभाषा को महत्व देने का मतलब अन्य भाषाओं की उपेक्षा नहीं है। उन्होंने इस धारणा को खारिज किया कि कोई व्यक्ति अंग्रेजी में अध्ययन करने पर ही जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है।इसके लिए उन्होंने अपना और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और भारत के मुख्य न्यायाधीश का उदाहरण दिया कि, इन चारों ने अपनी-अपनी मातृभाषा में विद्यालय की शिक्षा प्राप्त की और इसके बावजूद बहुत उच्च संवैधानिक पदों पर आसीन हुए।उन्होंने सुझाव दिया कि बच्चों को अधिक से अधिक भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित करें, इसकी शुरूआत अपनी मातृभाषा में एक मजबूत नींव के साथ करें।लोगों से अपनी मातृभाषा को बोलने में गर्व महसूस करने का आग्रह करते हुए श्री नायडु ने कहा कि दैनिक जीवन में भारतीय भाषाओं के इस्तेमाल में हीनता की भावना नहीं होनी चाहिए।आज भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने और उन्हें बदलते समय के अनुकूल बनाने के लिए अभिनव तरीकों के साथ आगे आने का आह्वान किया, यह देखते हुए कि भाषा एक स्थिरअवधारणा नहीं है, उन्होंने भाषाओं को समृद्ध करने के लिए एक गतिशील और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि, भारतीय भाषाओं का वैज्ञानिक और तकनीकी स्तर पर संरक्षण करना जरूरी है।क्योंकि भाषा यह संचार के एक माध्यम से कहीं अधिक अदृश्य धागा है जो हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य को जोड़ता है और भारतीय भाषाएं भारत की माला में पिरोए मोती हैं जिसके प्रकाश से भारत आज विश्व में जगमग आ रहा है।



गोंदिया

# पीड़ित परेशान, अफसर हैरान, थाना रामगंज जयपुर पुलिस का कारनामा- डैड बॉडी मिलने पर भी नहीं लिखी एफआईआर



जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट मो न - 9811371054 9818951279







राजस्थान की राजधानी जयपुर के थाना रामगंज पुलिस का एक अमानवीय कारनामा सामने आया है जिसके तहत पीड़ित की बहन को दहेज और रुपयों की मांग के चलते उसके ससुराल वालों ने प्रताड़ित कर आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया और उसने आत्महत्या कर ली डैड बॉडी भी घर से बरामद हो गई और पीड़ित ने थाने में लिखित शिकायत भी दी परन्तु उसके बावजूद आज बीस दिन बीतने के बाद भी आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करना तो दूर पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई है इस बाबत आज पत्रकारों से अपनी पीड़ा बयान करते हुऐ पीड़ित सवाई माधोपुर निवासी अभिषेक शर्मा और उनके अधिवक्ता दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया व अन्य परिजनों ने बताया कि पीड़ित की बहन मृतका नेहा तिवारी की शादी, आशीष तिवारी पुत्र दिनेश तिवारी निवासी सीताराम पुरी हिदा की मोरी जयपुर से फरवरी 2023 में हुई थी उनके एक डेढ़ वर्षीय पुत्र भी है नेहा की ससुराल वाले उसके पति सास, ससुर, नन्द व देवर शुरू से ही उसे शादी में कम दहेज लाने तथा स्विफ्ट कार और पांच लाख रुपए नगद लाने के लिए प्रताड़ित कर तंग परेशान करते थे कई बार उसके साथ बुरी तरह से मार पीट भी की जाती थी, बीच बीच में पीड़ित व उसके परिजनों ने थोड़े बहुत रुपए दहेज के लालची लोगों को अपनी बहन मृतका से मार पीट ना करने और उसका घर बसा रहे इस लिए दिए भी, आखिरी बार मृतका की बात 22/11/2025 को फोन द्वारा अपनी बड़ी बहन व पीड़ित भाई अभिषेक से हुई थी तब भी उसने बताया था कि उसे उसकी ससुराल वाले स्विफ्ट कार मंगवाने के लिए बहुत प्रताड़ित कर रहे हैं उसके छोटे बच्चे को भी उससे छीन लिया है उसके साथ कुछ भी हो सकता है और 24/11/2025 को उपरोक्त थाने के पुलिस कर्मियों ने फोन पर सूचित किया कि तुम्हारी बहन मृतका नेहा तिवारी ने फांसी लगा ली है जल्दी से जयपुर एसएमएस अस्पताल आ जाओ वहां पहुंचने के बाद पीड़ित से वहां मौजूद पुलिस कर्मियों और नेहा के पति आशीष व ससुर दिनेश तिवारी ने धोखे से मृतका के दाहसंस्कार एवं पोस्टमार्टम आदि का नाम ले कर कई कोरे कागजों पर उससे हस्ताक्षर भी करा लिए, पीड़ित ने 27/11/2025 को अपनी बड़ी बहन के साथ जा कर उक्त थाने में लिखित शिकायत भी मृतका के ससुराल वालों के विरुद्ध दी जिसकी भी कोई रिसीविंग उसे नहीं दी गई उसके बाद से पीड़ित एफआईआर के लिए कई बार थाने गया परन्तु उसे वहां से टाल मटोल कर भगा दिया जाता जिस पर उसने रजिस्टर्ड डॉक द्वारा भी एक लिखित शिकायत 08/12/2025 को थाना प्रभारी थाना रामगंज जयपुर और पुलिस आयुक्त जयपुर के नाम भेजी परन्तु फिर भी उसकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई अब मजबूरन पीड़ित और उसके अधिवक्ता ने एक अन्य शिकायत उपरोक्त बाबत आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने और थाने के लापरवाह पुलिस कर्मियों के विरुद्ध भी कार्यवाही करने के लिए अध्यक्ष राज्य मानवधिकार आयोग, पुलिस महानिदेशक राजस्थान पुलिस, पुलिस आयुक्त जयपुर एवं थाना प्रभारी थाना रामगंज को रजिस्टर्ड डॉक द्वारा फिर से भेजते हुए न्याय की गुहार लगाई है, पीड़ित के अधिवक्ता राजेंद्रसिंह तोमर राजा भईया ने सभी शिकायतों की और डांक रसीदों की प्रतियां आज पत्रकारों को देते हुये बताया कि थाना पुलिस पूरी तरह मृतका के ससुराल वालों से मिली हुई है और उन्हें अनुचित लाभ दे कर बचा रही है तथा नियम विरुद्ध कार्य कर रही है, उन्होंने नाम ना बताने की शर्त पर बताया कि उनकी इस बाबत कई संबंधित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से फोन पर बात हुई है सभी ने हैरानी जताते हुए कहा कि घर से मृतका की डैड बॉडी मिलने और आत्महत्या के लिए मजबूर करने तथा दहेज की मांग जैसे गंभीर मामले की शिकायत मिलने के बावजूद थाना पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्यवाही ना करना बड़े अचरज और आश्चर्य की बात है, पीड़ित ने एक तो अपनी बहन को खो दिया और उस पर शिकायत देने के बाद भी आरोपियों के विरुद्ध थाना पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज ना करने से वह और उसका पूरा परिवार अब टूट चूका है और साथ ही इस हरकत ने थाना पुलिस की गैर कानूनी हरकत और अमानवीयता की भी पोल खोल कर रख दी है।

# बॉलीवुड में विशेष स्थान पाकर भी अपने मित्र रोमियो मयूर को नहीं भूले धुरंधर फिल्म के सुपरहिट कलाकार विवेक सिन्हा

## बॉलीवुड स्टार (जहूर मिस्त्री )ने किया अपनी जन्मभूमि धामपुर को याद

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**






बिजनौर : जनपद बिजनौर के धामपुर निवासी एवं बॉलीवुड के सुपरहिट फिल्म धुरंधर पाकिस्तानी आतंकवादी जरूर मिस्त्री का किरदार निभाने वाले विवेक सिन्हा द्वारा एक वीडियो संदेश जारी करते हुए अपने गृह नगर धामपुर को याद करते हुए अपने बचपन के परम मित्र तथा जाने-माने कोरियोग्राफर रोमियो मयूर खान का शुक्रिया अदा किया गया है। बॉलीवुड स्टार विवेक सिन्हा द्वारा जारी वीडियो संदेश में कहा है कि वे बचपन से धामपुर नगर निवासी प्रसिद्ध कोरियोग्राफर रोमियो मयूर के फैन रहे हैं।? रोमियो मयूर से उनकी अच्छी मित्रता है। इसी मित्रता के कर्तव्य को निभाते हुए रोमियो मयूर द्वारा मेरे द्वारा बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म धुरंधर में निभाए गए पाकिस्तान के आतंकवादी जहूर मिस्त्री के किरदार अपने आरएमके भारत न्यूज सहित धामपुर क्षेत्र के अन्य समाचार पत्रों में प्रकाशित एवं प्रसारित करते हुए व दैनिक वेलकम इंडिया मे जो पब्लिसिटी की गई है उसका में ह्रदय से आभारी हूं। इसी के साथ-साथ मैं उन सभी पत्रकार भाइयों का ह्रदय से अभिनन्दन करता हूं जिन्होंने अपने-अपने सम्मानित समाचार पत्रों में मेरे बारे में समाचार प्रकाशित किए गए हैं। साथ ही मैं अपने गृह नगर एवं गृह जनपद बिजनौर के निवासियों का भी हार्दिक अभिनंदन करता हूं जिन्होंने अपना बहू मूल्य समय निकालकर अपने क्षेत्र के बेटे द्वारा अभिनीत बॉलीवुड फिल्म धुरंधर को देखा है। जनपद बिजनौर तथा धामपुर नगर वासियों तथा समस्त पत्रकार बंधुओ द्वारा मुझे इतना प्यार दिया गया है कि जिसे मैं आजीवन संभाल के रखूंगा। मुझे पूर्ण आशा ही नहीं अपनी तो पूर्ण विश्वास है कि आप लोगों का प्यार एवं स्नेह मुझे हमेशा इसी प्रकार से मिलता रहेगा। उन्होंने आगे कहा है कि हम बॉलीवुड फिल्मी कलाकारों की सफलता तथा असफलता का राज आम जनता में छिपा रहता है। हमारी अभिनित्री फिल्मों को जनता जितना अधिक देखना पसंद करती है हमें उतनी ही सफलता प्राप्त होती रहती है। मेरे द्वारा अभिनीत फिल्म धुरंधर को दर्शकों का बहुत ही सहयोग प्राप्त हुआ है जिस कारण सफलता की रिकॉर्ड कायम किया है।

बॉलीवुड फिल्म धुरंधर में अपनी प्रभावी अभिनय कला के बल पर निरंतर ख्याति और उपलब्धि अर्जित करते जा रहे धुरंधर फिल्म के सुपरहिट कलाकार विवेक सिन्हा स्पष्ट तौर पर कहते हैं कि वे धामपुर निवासी जनपद बिजनौर के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर रोमियो मयूर के बहुत बड़े फैन हैं वही उनके द्वारा विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को नृत्य प्रशिक्षण देकर वह उचित मंच दिलाऐ जाने का काम किया जा रहा है। वह अपने आप में उनका सराहनीय प्रयास है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम ही होगी।

# थाना रामपुर मनिहारान पुलिस ने 18 साल से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

**सहारनपुर/रामपुर मनिहारान।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर आशीष तिवारी के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण मे तथा रामपुर मनिहारान थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम यादव के कुशल नेतृत्व मे

शुक्रवार को रामपुर मनिहारान कोतवाली पर मुखबिर की सूचना पर थाना रामपुर मनिहारान पुलिस टीम द्वारा वारंटी अभियुक्त रामकुमार पुत्र सहीराम निवासी कस्बा व थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर सम्बन्धित मु०अ०सं० 37/1992 धारा 364/302/34 भादवि अपील सं0 4445/2005 चलानी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर को मौ० कडच्छ कस्बा व थाना ज्वालापुर जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड से गिरफ्तार किया गया। वारंटी अभियुक्त रामकुमार उपरोक्त माननीय न्यायालय से जमानत प्राप्त कर वर्ष 2007 से फरार चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा० न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

एस आई सुरेश कुमार थाना रामपुर मनिहारान,उप निरीक्षक आशीष कुमार थाना रामपुर मनिहारन,कांस्टेबल रोहित राणा थाना रामपुर मनिहारन,कांस्टेबल ? विक्रान्त कुमार थाना रामपुर मनिहारन आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# पीड़ितों की शिकायत पर सतेंद्र मलिक लगा रहे कानून का मरहम

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नांगल थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक के कभी ना भूलपाने वाले वो दो माह आपको यहां यह भी बताते चले की नांगल थाने के इतिहास में थानाध्यक्ष तेजतर्रार एवं व्यवहार कुशल सतेंद्र मलिक के मात्र दो माह के कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई ऐसे परिवारों को टूटने से बचकर आज यह साबित कर दिया है कि यदि सभी पुलिस थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक जैसा अपना प्रयास करें तो दोनों पक्ष मुकदमे बाजी से बच सकते हैं। थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक द्वारा किए गए यह सराहनीय कार्य कभी ना भूल पाने वाले रहेंगे, और जब-जब अमन और शांति की बात होगी तो थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक का नाम लोगों के जहन में जरूर आएगा।

बिजनौर नांगल थाना। कहते हैं कि भूलें को रास्ता दिखाना और डूबते हुए को बचाना बहुत ही पुण्य का काम है, यही कहावत उस समय देखने को मिली जब नांगल थाने का चार्ज संभालने वाले व्यवहार कुशल थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक ने क्षेत्र के ऐसे विवादों को अपने अथक प्रयास और सूझबूझ से निपटाकर, टूटने जा रहे कई परिवार को टूटने से बचाते हुए उन्हें एक नया संसार दे दिया। नांगल थाने में अपने दो माह के मात्र कार्यकाल में ही थानाध्यक्ष तेजतर्रार एवं व्यवहार कुशल सतेंद्र मलिक ने पुलिस विभाग के इतिहास में यह नजीर लिख दी है कि दो माह में कई परिवार को टूटने से बचा लिया। थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक के इस सराहनीय कार्य की जिलेभर में खूब प्रशंसा हो रहीं है।

# वाल्मीकि समाज की बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर किया विचारविमर्श

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नगीना वाल्मीकि समाज की बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचारविमर्श किया गया, साथ ही वाल्मीकि प्रकट उत्सव के खर्च का भी लेखा-जोखा रखा गया जिसे आमसहमति से पास किया गया।

वाल्मीकि समाज की आवश्यक बैठक गुरुवार की देर शाम वाल्मीकि बस्ती शिव चौक पर पूर्व प्रधान महेश उर्फ दारा की अध्यक्षता व अभिनव वाल्मीकि एड के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में समाज के समाज में पनप रही कुरीतियों को त्यागने और बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि कंप्यूटर के युग में अशिक्षित समाज तरक्की की राह पर नहीं चल सकता इसलिए बच्चों को शिक्षित करना जरूरी हो गया है। बैठक में आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी के प्रकट उत्सव के मौके पर निकाली गई शोभा यात्रा व अन्य कार्यक्रमों का आय, व्यय ब्यौरा वाल्मीकि जयंती समिति के अध्यक्ष रोहन कुमार व कोषाध्यक्ष सूरज कुमार और अपनी टीम के साथ प्रस्तुत किया जिसे सभी ने स्वीकार करते हुए शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए कमेटी और पुलिस प्रशासन तथा वाल्मीकि जयंती में सहयोग करने वाले सभी का आभार व्यक्त किया और यह भी तय किया गया आगामी वाल्मीकि जयंती पर्व के मौके पर शोभा यात्रा में रोड शो की झांकियां शामिल नहीं की जाएगी।शोभायात्रा में देवी देवताओं के रूप को नचाना उनका ही नहीं सनातन धर्म का भी घोर अपमान है। अब वैसे भी प्रदेश सरकार ने शोभा यात्राओं में रोड शो की झांकियो पर प्रतिबंध लगा दिया गया है बैठक को संदीप वाल्मीकि, सभासद कपिल पवार, मनोज वाल्मीकि, सुरेश चंद, सुंदर सिंह, राजा वाल्मीकि, अश्वनी कुमार, मुकेश वाल्मीकि, रोहित भगत, गोविंदा कुमार बिट्टू कुमार, अनिल कुमार उर्फ बब्बू, राहुल कुमार, जितेंद्र कुमार, बॉबी कुमार, मोहित कुमार, आकाश कुमार, विक्की कुमार, रूपेश कुमार, मनजीत कुमार, श्याम कुमार, आदिनाथ अपने-अपने विचार रखें सभी प्रस्तावों का समर्थन किया। बैठक में तमाम लोग मौजूद रहे।

# प्रतिष्ठित समाजसेवी राजेश शर्मा ने अपने पिता की 16वीं पुण्यतिथि पर बांटे कंबल



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर** : बाजपुर निवासी प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं पूर्व बिंदल पेपर डिस्टलरी हेड राजेश कुमार शर्मा ने अपने पिताजी की 16वीं पुण्यतिथि पर कंबल वितरित किया। प्रतिष्ठित समाजसेवी राजेश कुमार शर्मा अपने पिताजी की पुण्यतिथि पर निर्धन व गरीबों को कंबल वितरित करते हैं।

बता दे कि राजेश कुमार शर्मा एक प्रतिष्ठित समाजसेवी और व्यवहार कुशल और मृदु भाषी व्यक्तित्व के धनी है। तथा निर्धन एवं गरीबो की निस्वार्थ सेवा करते रहते हैं। इस अवसर पर बाजपुर के प्रतिष्ठित समाज सेवी अरुण शर्मा, अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के उदय पाल, हीरा सिंह आदि मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ निशुल्क शीतकालीन वेशभूषा का वितरण



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर** : सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ निशुल्क शीतकालीन वेशभूषा का वितरण। सरस्वती शिशु मंदिर नूरपुर में विद्यालय के सह व्यवस्थापक सिद्धार्थ गुप्ता के द्वारा विद्यालय में अध्यनरत आर्थिक रूप से कमजोर भैया बहनों को निशुल्क शीतकालीन वेशभूषा का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की कक्षा उदय से चतुर्थ तक लगभग 20 भैया बहनों को शीतकालीन वेशभूषा का वितरण हुआ इस अवसर पर भैया बहनों को वेशभूषा का वितरण विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार द्वारा किया गया।

# शरारती तत्वों को नगीना पुलिस का नहीं है कोई भी खौफ

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नगीना शरारती तत्वों को नगीना पुलिस का कोई खौफ होता दिखाई नहीं दे रहा है। एम एम इंटर कालेज के हॉकी खेल मैदान के मेन गेट पर लगे ताले व जंजीर को दिन दहाड़े ही तोड़कर तीसरी बार ले जाने से शाईनिंग हॉकी क्लब के खिलाड़ियों एवं कालेज के स्टाफ में भारी रोष व्याप्त है एम एम इंटर कालेज के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए कहा बताया कि एम एम इंटर कालेज के खेल मैदान के मेन गेट पर बार बारजंजीर व उसमें ताला लगाया जाता है ।जिसको तीसरी बार भी गुरुवार की दोपहर किसी समय दिन में ही जहां मेन बाजार व गेट के आसपास दुकानें व चाट के ठेले खड़े हो उसके बाद भी शरारती तत्वों के हौसले इतने बुलंद हैं की गेट पर लगे ताले व जंजीर को तोड़ कर ले गए इस से पूर्व भी माह नवम्बर में दो बार गेट के लगे ताले को तोड़ कर ले गए व खेल के मैदान की दीवार को भी तोड़ चुके हैं। बताया जाता है खेल के मैदान के बराबर में वाल्मीकि बस्ती है मैदान के बराबर से एक बड़ा गन्दा नाला जा रहा है। पालिका के सम्बन्धित अधिकारियों ने बस्ती में रहने वाले परिवारों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए। नाले को सीमेंट के स्लीपरो से पटवा दिया था। जिससे शरारती तत्वों ने उसका लाभ उठाते हुए नाले की ओर बनी दीवार को दो तीन बार तोड़ कर खेल के मैदान से अपना रास्ता बना चुके हैं।

# यूनिवर्सल एकेडमी के विद्यार्थियों ने किया बजाज शुगर मिल बिलाई का शैक्षिक भ्रमण




**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर के कक्षा 9 के विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण के लिए बजाज शुगर मिल बिलाई ले जाया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों को गन्ने की खरीद से लेकर चीनी बनाने की प्रक्रिया व तकनीकी ज्ञान दिया गया। शुगर मिल के यूनिट हेड विजय वीर सिंह, सीनियर जी एम राहुल चौधरी, एच आर डिपार्टमेंट संजय गोयल, असिस्टेंट मैनेजर एच आर रजत चतुर्वेदी, एजीएम एडमिन एंड सिक्योरिटी कपिल कुमार, असिस्टेंट जी एम अशोक राणा ने बच्चों को मिल का भ्रमण कराया और मिल के विषय में अनेक जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को गन्ने से चीनी कैसे बनाई जाती है इस प्रक्रिया को मशीन दिखाकर समझाया और बताया कि सर्वप्रथम गन्ने को मशीनों में डालकर उसके रस और रेशों को अलग किया जाता है। खोई का उपयोग बिजली उत्पादन में किया जाता है। इस दौरान छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने उनके द्वारा बताई गई सारी प्रक्रिया को नजदीक से देखा और समझा। बच्चों ने भी अनेक प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। इस अवसर कक्षा अध्यापिका ज्योति साक्षी, अजीत और प्रशांत का सहयोग रहा। इसके बाद खुशी-खुशी अपनी बसों से बच्चे वापस लौटे और विद्यालय पहुंच कर शैक्षिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय लौटने पर सभी बच्चों ने अपने-अपने अनुभवों को सबके सामने साझा किया और इस भ्रमण को बेहद ज्ञानवर्धक बताया इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने कहा कि यह शैक्षिक भ्रमण छात्रों के वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टिकोण के विकास में सहायक होते हैं। तथा किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक व तकनीकी ज्ञान भी देते हैं।

# नई दिल्ली में हुआ नटराज फैशन वीक सीजन 120 का भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**नई दिल्ली।** विवेक जैन। नई दिल्ली के पश्चिम विहार स्थित मेपल गोल्ड़ रेडिसन ब्लू में नटराज आर्ट ग्रुप द्वारा नटराज फैशन वीक सीजन 120 का भव्य आयोजन किया गयां। सीजन 120 के फैशन शो और सिंगिंग कार्यक्रम में लोगो ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। लायन गुलफाम, तिलक खेड़ा, राजेश शर्मा अध्यक्ष प्रकृति भक्त फाउंडेशन, गुरु राजेंद्र सिंह, बलबीर सिंह, अमित राय व बैजनाथ जैसी जानी-मानी हस्तियों ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व रेशमा गोधरा, जावेद खान, नीरज कुमार, राजेंद्र डोगरा, जूलियन जॉन, प्रदीप कुमार आदि ने सेलिब्रिटी सिंगर और सीनियर मॉडल संजीव सुरमा व संदीप दुग्गल ने सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शिरकत की। नटराज फैशन वीक के ऑडिशन में मिस्टर सिद्धेश जाधव, मिसेज स्वर्णालता प्रकाश, मिसेज सुचित्रा सुमन व मिस्टर लव इन किंग ऑड़िशन जूरी रहे। इस शो में मिस मुस्कान ब्यूटी कॉन्टेस्ट की विनर रही। दूसरे स्थान पर समीक्षा सिंह व तीसरे स्थान पर मेघना रही। इरम बेस्ट मॉडल रही। शो में लाइव मेकअप की क्लास भी दी गई। पहला लाइव मेकअप हिमानी मेकओवर व दूसरा लाइव मेकअप पूनम सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट द्वारा किया गया। ब्राइडल कंपटीशन में रूपाली विनर रही। किरण शर्मा सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट ने मेकअप में सहायता की। पवन गेरा द्वारा शो को होस्ट किया गया। नटराज क्लब के अध्यक्ष लकी कश्यप ने बताया कि यह उनका120 वां इवेंट था। इस इवेंट में बीके प्रतिभा बहन राजयोग शिक्षिका माउंट आबू राजस्थान, प्लेबैक सिंगर पंकज अंबरसरिया, राकेश देवी हुड्डा, राजवीर सोलंकी, कुसुम लता कौशिक, सीमा, गुलशन चौधरी, वीके शर्मा, मुकेश भोगल, गुरु राजेंद्र सिंह, बलबीर सिंह, राजेश अध्यक्ष प्रकृति भक्त फाउंडेशन, मोनिका राज, सरिता सिंह राठी गोल्ड मेडलिस्ट वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 को ग्रेट इंडियन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## प्रयागराज माघ मेला 2026: भूमि पूजन के बाद पार्थिव शिवलिंग व श्रीमद् भागवत कथा आयोजन का शुभारंभ होगा



पूज्य देवप्रभाकर शास्त्री दद्दा जी की स्मृति में पूज्य बड़े भैया डॉ. अनिल प्रभाकर शास्त्री जी के सानिध्य में माघ मेला प्रयागराज के अंतर्गत असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महारुद्राभिषेक एवं सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा, यज्ञ के आयोजन हेतु मेला प्रशासन द्वारा भूमि आवंटित कर दी गई है। यह दिव्य आयोजन पूज्य गुरुदेव पं. देव प्रभाकर शास्त्री ह्लदद्दा जीह्व की कृपा से प्रतिवर्ष आयोजित होता है। आयोजन स्थल– सेक्टर–6 दक्षिण, ओल्ड जी.टी. मार्ग, (झूंसी की तरफ) माघ मेला क्षेत्र, प्रयागराज। भूमि पूजन कार्यक्रम दद्दा शिष्य मंडल, भारतवर्ष द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण शिविर हेतु 21 दिसंबर 2025 को भूमि पूजन संपन्न होगा।

# सफाईकर्मी से अधिकारी पर निजी गाड़ी चलवाने का आरोप

## गांव में साफ-सफाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश, एक बर्ष से सफाई व्यवस्था ठप

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र नौगढ़ के शाह गांव के प्राथमिक स्कूल परिसर में जांच के लिए पहुंचे अपर डीपीआरओ राजेश सिंह को ग्रामीणों ने घेर लिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उनके गांव में तैनात सफाई कर्मचारी प्रकाश को गांव की सफाई के बजाय अधिकारी की निजी गाड़ी चलाने में लगाया गया है। जिसके कारण पिछले एक बर्ष से गांव की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी है।

ग्रामीणों का बताया कि सिरवत गांव में गन्दगी का अंबार लगा है। नालियां जाम हैं और कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने अपर डीपीआरओ से सीधे सवाल किया कि किस नियम के तहत गांव के सफाई कर्मचारी से अधिकारी की गाड़ी चलवाई जा रही है। घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें ग्रामीण लगातार सवाल करते दिखाई दे रहे हैं। अधिकारी की चुप्पी साफ नजर आती है। अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि गांव में सफाई कर्मचारी प्रकाश की तैनाती होने के बावजूद वह गांव में कभी नजर नहीं आता, बल्कि नियमित रूप से अपर डीपीआरओ की गाड़ी चलाता है। इससे गांव की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह महज लापरवाही नहीं, बल्कि सरकारी व्यवस्था का खुला दुरुपयोग है। अपर डीपीआरओ राजेश सिंह ने कहा कि अजय कुमार शुक्ला ने सफाई कर्मचारी से भागवत कार्यक्रम के लिए 10 हजार रुपए का चन्दा मांगा था।

चन्दा न देने पर ही यह विवाद खड़ा किया जा रहा है। हालांकि सामने आये वीडियो में गाड़ी कौन चला रहा है। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है। जिससे अधिकारी के बयान पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## खेल महाकुंभ प्रतियोगिता 23 से

**बागेश्वर।** बागेश्वर जिले में युवा कल्याण, शिक्षा विभाग, पंचायतीराज एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में खेल महाकुंभझ2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बच्चों, किशोरों एवं युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़कर उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है।खेलों का आयोजन पहले न्याय पंचायत स्तर पर किया जाएगा उसके बाद विधानसभा स्तर पर जबकि विजेता प्रतिभागियों को जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। इसके लिए आयोजन स्तर एवं उसकी तिथियाँ घोषित कर दी गई है।युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन सिंह ने बताया कि खेल महाकुंभ हेतु न्याय पंचायत स्तर पर 23 से 27 दिसम्बर तक अंडर14 एवं अंडर19आयु वर्ग के खिलाड़ियों की प्रतियोगिता होगी।जिसका आयोजन संबंधित न्याय पंचायत के खेल मैदान में होगा।

# पशुचर भूमि पर श्मशान निर्माण का विरोध डीएम से की शिकायत, कार्रवाई की मांग



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** सदर तहसील के ऊँचागांव कुदरवन में पशुचर भूमि पर श्मशान निर्माण का विरोध हो रहा है। दर्जनों ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए शिकायती प्रार्थनापत्र सौंपा।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा जबरन ग्राम सभा की पशुचर भूमि पर श्मशान का निर्माण कराया जा रहा है। उनका कहना है कि श्मशान के लिए अलग से भूमि पहले से निर्धारित है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान और लेखपाल की मिलीभगत से श्मशान की मूल भूमि अन्य लोगों को दे दी गई है, जिस पर बाउंड्री भी करा दी गई है।

जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थनापत्र में ग्रामीणों ने बताया कि कुदरवन एक प्रसिद्ध धार्मिक और तपोवन स्थल है। यहां वल्लभाचार्य जी की बैठक, कपिल भगवान का मंदिर, कृष्णकुंड, गंगा सागर, कमोद विहार, राधा-कृष्ण मंदिर, चैतन्य महाप्रभु जी की बैठक और शनिदेव मंदिर जैसे कई महत्वपूर्ण स्थल स्थित हैं। देश-विदेश से श्रद्धालु यहां गंगा सागर में स्नान और आचमन के लिए आते हैं। ग्रामीणों का तर्क है कि ऐसे पवित्र स्थल के समीप पशुचर भूमि पर श्मशान निर्माण से धार्मिक महत्व प्रभावित होगा। ग्रामीणों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि जनभावनाओं की अनदेखी की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

उन्होंने जिलाधिकारी से मामले में शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह किया है, ताकि गांव में शांति और सौहार्द बना रहे।

## सार संक्षेप

### पूर्व केंद्रीयमंत्री नागमणि कुशवाहा शास्त्री भवन में केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे से की मुलाकात



**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार को पूर्व केंद्रीयमंत्री नागमणि कुशवाहा शास्त्री भवन पहुंचे जहां राज्यसभा सांसद केंद्रीय राज्य कोयला एवं खनन मंत्री सतीश चंद्र दुबे से मुलाकात किया। इस मुलाकात में कई विषयों पर चर्चा होती । केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे एक ऐसा लीडर है जो हर किसी का सम्मान करते है । इस मुलाकात में नागमणि कुशवाहा के साथ उनके कई टीम भी साथ में थे ।

### डिग्री के कॉलेज परिसर में आग लगने से सनसनी



**बागेश्वर।** शुक्रवार शाम अचानक डिग्री कालेज परिसर के समीप एक प्लास्टिक सिंटेक्स में अचानक आग लगने से वहां सनसनी फैल गई।आग धीरे धीरे परिसर में उगी झाड़ियों तक फैलने लगी।जिसके बाद आग लगने की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई।सूचना मिलते ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गोपाल सिंह रावत के कुशल मार्गदर्शन में फायर टीम घटना स्थल पहुंची। मौके पर देखा कॉलेज परिसर के अंदर पानी की टंकी का स्टैंड जो पुरानी जीर्ण अवस्था में थी जिस के ऊपर रखा हुआ प्लास्टिक का जीर्ण क्षीण खाली टैंकी पर आग लगी हुई थी। फायर यूनिट द्वारा तत्काल त्वरित कार्यवाही करते हुए वॉटर टेंडर वाहन में उपलब्ध पानी से छिड़काव कर आग पर नियंत्रण किया गया।जिससे आग को परिसर में फैलने से रोक दिया गया।

### जम्बूद्वीप में विहिप की बैठक को लेकर सुरक्षा सख्त, मंदिर परिसर में संघन चेकिंग



**मेरठ।** थाना हस्तिनापुर क्षेत्र अंतर्गत जम्बूद्वीप में 15 से 20 दिसंबर 2025 तक विश्व हिंदू परिषद की अखिल भारतीय बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निदेर्शानुसार शुक्रवार को व्यापक सतर्कता बरती गई। क्षेत्राधिकारी एलआईयू के पर्यवेक्षण में बीडीडीएस, डॉग स्क्वायड, एलआईयू व एएस चेक टीम द्वारा श्री दिगंबर जैन मंदिर परिसर में सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल, शांति सागर हाल, पार्किंग, मुख्य द्वार सहित आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध वाहनों व स्थानों की गहन तलाशी ली गई।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है। लगातार निगरानी और जांच अभियान जारी रहेगा, ताकि बैठक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# हापुड़ पुलिस ने खोये हुए मोबाइल स्वामियों के चेहरे पर लौटाई मुस्कान




**वेलकम इंडिया राजेंद्र**

हापुड़ ।अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, मेरठ परिक्षेत्र के आदेशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक हापुड़ के निर्देशन में जनपद में गुमशुदा/खोये मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में थाना हाफिजपुर पुलिस द्वारा अथक प्रयास करते हुए सीईआईआर पोर्टल की सहायता से कुल 04 खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनमें एक आईक्यू मोबाइल फोन (कीमत लगभग ?11,500/-),एक रीयलमी मोबाइल फोन (कीमत लगभग ?17,999/-),एक रेडमी मोबाइल फोन (कीमत लगभग ?12,499/-),एक सैमसंग ए-सीरीज मोबाइल फोन (कीमत लगभग ?15,999/-) शामिल हैं।

बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सकुशल सुपुर्द किए गए।खोये हुए मोबाइल फोन प्राप्त कर मोबाइल स्वामियों ने खुशी प्रकट करते हुए हापुड़ पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा एवं सराहना की।

# रेलवे गेटमैन की लापरवाही से खुला रहा रेलवे फाटक, तेज रफ्तार गोरखपुर-बहराइच स्पेशल ट्रेन गुजरीं, वीडियो वायरल

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**चिल्हिया/सिद्धार्थनगर।** गोरखपुर-बढ़नी वाया गोण्डा रेल खण्ड पर चिल्हिया शोहरतगढ़ के बीच गौहनिया स्थित रेलवे फाटक पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। रेलवे गेटमैन की कथित लापरवाही के कारण फाटक बन्द नहीं किया गया और उसी दौरान गोरखपुर-बहराइच स्पेशल ट्रेन (05131) तेज रफ्तार से गुजर गई। इस गम्भीर चूक का वीडियो सामने आने के बाद रेलवे प्रशासन पर सवाल खड़े हो गये हैं।

वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रेलवे गेटमैन द्वारा ट्रेन आने से पहले न तो फाटक बन्द किया गया और न ही कोई चेतावनी दी गई। वहीं सुबह क्षेत्र के स्कूल जाने वाले बच्चे, साइकिल सवार, बाइक और पैदल राहगीर फाटक के दोनों ओर मौजूद थे। ट्रेन की तेज रफ्तार देख लोग घबरा गये और किसी तरह पीछे हटकर अपनी जान बचाई और कई लोग बाल-बाल बच गये। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि जरा-सी भी देर हो जाती या कोई वाहन पटरी पर आ जाता, तो कई जानें जा सकती थीं। यह महज किस्मत थी कि बड़ा हादसा टल गया। ट्रेन की रफ्तार इतनी अधिक थी कि पटरी पर लगी खतरे की लाल झण्डी तक उड़ गई। मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया।

घटना की गम्भीरता को देखते हुए ट्रेन के ड्राइवर ने भी तत्काल सूझ-बूझ दिखाई। उन्होंने ट्रेन को कुछ दूरी पर रोककर रेलवे क्रॉसिंग पर शिकायत दर्ज कराई और उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। ट्रेन ड्राइवर द्वारा की गई शिकायत से यह स्पष्ट होता है कि खतरा वास्तविक था और लापरवाही अस्वीकार्य है। वहीं थाना क्षेत्र चिल्हियां के ग्राम पंचायत जमुनी निवासी सर्वेश मिश्रा, जो घटना के प्रत्यक्षदर्शी थे, ने अपनी आप-बीती साझा किया।

उन्होंने बताया कि वे सुबह फाटक के पास मौजूद थे, तभी अचानक ट्रेन आती दिखाई दी। फाटक खुला देखकर लोग इधर-उधर भागने लगे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर सभी के रोंगटे खड़े हो गये।

# जिलाधिकारी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर की समीक्षा बैठक

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचनझ 2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पिछले 20 वर्षों के आपराधिक इतिहास का रिकॉर्ड संकलित कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने बताया कि जनपद में 396 विद्यालयों को जर्जर घोषित किया गया है, ऐसे सभी विद्यालयों को ध्वस्त करने की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि दावे एवं आपत्तियां निर्धारित समय एवं तिथि के अनुसार प्राप्त किए जाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकताओं को बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के दायित्व से हटाते हुए अनुभवी कर्मचारियों को ही बीएलओ नियुक्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान बूथों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए तथा प्रत्येक बूथ पर विद्यालय का नाम एवं कक्ष संख्या स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए। उन्होंने बूथवार फार्म-6 के संग्रहण में भी तत्परता बरतने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) डॉ. पंकज वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी सदर अभिनव जे. जैन, मांट रितु सिरोही, छाता वैभव गुप्ता, गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी, महावन कंचन गुप्ता सहित समस्त तहसीलदार, विकास खंड अधिकारी तथा पंचायत राज विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सहायक श्रमायुक्त ने मृतक के माता-पिता को दिलाई क्षतिपूर्ति की धनराशि




**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** कृष्ण कांत ठाकुर मथुरा रिफाइनरी में प्रशिक्षु तकनीकी के रुप में कार्यरत थे। 28 अगस्त 2025 को शाम घर जाते समय सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गयी थी। जानकारी होने पर सहायक श्रमायुक्त एम एल पाल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मथुरा रिफाइनरी के प्रबन्धन को नोटिस भेजते हुए निर्देश दिए गये कि क्षतिपूर्ति की धनराशि तत्काल कर्मचारी क्षतिपूर्ति आयुक्त के पास जमा करें। तत्पश्चात रिफाइनरी द्वारा कर्मचारी क्षतिपूर्ति आयुक्त एवं सहायक श्रमायुक्त सेंट्रल बैंक में संचालित खाते मे रुपए 1169228/- जमा कराया गया।

सहायक श्रमायुक्त द्वारा मृतक कर्मचारी की माता रजनी एवं पिता ज्ञानेंद्र सिंह को अपने कार्यालय में बुलाकर रुपए 1169228 का चेक प्रदान किया।

# गरूण पताका रथ पर 56 भोग चखेंगे 'गिरिराजजी'

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** वन उपवन और झरना के बीच में गरूण पताका रथ पर 56 भोग, पुष्पों से सुसज्जित राज महल, स्वर्ण आभूषण और रत्न जड़ित श्रंगार से दमकती आभा, छबरिया में सजे छप्पन भोग, झिलमिलाती रोशनी से रंग बदलता स्थल, भव्य वातावरण में विराजमान दिव्य स्वरूप, कुछ इसी तरह की झांकी के साथ श्री गिरिराजजी सेवक मंडल आगरा द्वारा गिरिराजजी का विशाल फूलबंगला और छप्पन भोग का आयोजन सोमवार को तलहटी में किया जा रहा है।

22 दिसंबर को गोवर्धन की गिरि तलहटी में होने वाले छप्पन भोग महोत्सव के लिए विभिन्न प्रदेशों के कारीगर जुटे हुए हैं।

अजय गोयल ने बताया कि प्रभु का श्रृंगार रत्नों से होगा तथा शुद्ध घी से 56 भोग व्यंजन तैयार करने के लिए लखनऊ आगरा के तमाम जगह के कारीगर आए हैं। श्याम माहेश्वरी ने बताया कि 56 भोग से पूर्व रविवार को सुबह 10 बजे गोविंदाभिषेक तथा 11 बजे दुग्धधार और पुष्प परिक्रमा का आयोजन किया जाएगा। कार्ष्णि आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में आगरा के हजारों भक्त सहित देश के विभिन्न प्रदेशों के श्रद्धालु भाग लेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्ष्णि महंत हरिओम बाबा, अजय गोयल, मनोज कुमार गर्ग, श्यामसुंदर माहेश्वरी, पवन कुमार अग्रवाल, कन्हैयालाल, मनोज गोयल, राकेश सिंघल, मोनू भाई, सुनील मित्तल, पीयूष जैन, आरके श्रोतिया, सचिन गोयल, बंटू भाई आदि का सहयोग है।

# मथुरा इंडस्ट्रियल एरिया की मेटल फैक्टरी में लगी भीषण आग, आसमान में छाया काला धुआ

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** शुक्रवार सुबह गौर केंद्र इंडस्ट्रियल एरिया में उस समय हड़कंप मच गया जब यहां स्थित शिवांगी मेटल्स की फैक्टरी में भीषण आग लग गई। यह आग इतनी जबरदस्त थी कि इसकी लपटें और घना काला धुआं कई फीट ऊंचा उठता दिखाई दिया। फैक्टरी में आग लगने के बाद इसमें कार्यरत कर्मचारियों को तुरंत तेजी से बाहर निकल गया और साथ ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को भी सूचना दी गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम के आने से पहले ही आसपास के लोगों ने सुरक्षा के मद्देनजर दोनों तरफ से रास्तों को रोक दिया और अपने स्तर पर ही आग बुझाने की कोशिश करने लगे। सूचना मिलने के कुछ देर बाद ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की दो से अधिक गाड़ियां आग बुझाने में जुटीं। नेशनल हाईवे पर गोकुल रेस्टोरेंट क्रॉसिंगके पास गौर केंद्र इंडस्ट्रियल एरिया स्थित है। इसी औद्योगिक क्षेत्र में शिवांगी मेटल्स की फैक्टरी भी है। इसमें स्क्रैप मेटल का कारोबार होता है। फैक्टरी में बड़ी संख्या में कर्मचारी काम करते हैं। शुक्रवार सुबह भी फैक्टरी में नियमित रूप से काम शुरू हुआ लेकिन उसके बाद अचानक आग लग गई।

# हापुड़ जनपद में विशाल शिक्षा सम्मेलन का आयोजन, 500 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**




**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र में शौर्य शक्ति फाउंडेशन के तत्वावधान में दिनांक 19 दिसंबर 2025 को एक भव्य शिक्षा सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की 500 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण एवं रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को सम्मान प्रदान किया गया।शौर्य शक्ति फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने बताया कि संगठन विगत 10 वर्षों से निरंतर शिक्षा सम्मेलन आयोजित करता आ रहा है और अब तक 5000 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष के शिक्षा सम्मेलन का प्रमुख विषय गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में गढ़ गंगा विश्वविद्यालय की स्थापना रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद एवं विशिष्ट अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो. धर्मेंद्र यादव रहे। मोहम्मद फहद ने कहा कि समाजवादी सरकार के कार्यकाल में 22 लाख छात्र-छात्राओं को लैपटॉप वितरित किए गए थे और शिक्षा को लगातार बढ़ावा दिया गया।

उन्होंने आश्वासन दिया कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर फिर से छात्रों के हित में बड़े कार्य किए जाएंगे।राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो. धर्मेंद्र यादव ने कहा कि शौर्य शक्ति फाउंडेशन हापुड़ जनपद में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर फाउंडेशन को और अधिक सशक्त किया जाएगा तथा गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में विकास कार्यों को गति मिलेगी। आशुतोष शर्मा ने जानकारी दी कि 23 जनवरी को गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में गढ़ गंगा विश्वविद्यालय संकल्प यात्रा निकाली जाएगी और क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए निरंतर संघर्ष किया जाएगा।शिक्षा सम्मेलन में 500 छात्र-छात्राओं, 200 महिलाओं एवं 200 समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े 1000 से अधिक लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कबड्डी टीम की कप्तान सोनिया नागर भी विशेष रूप से मौजूद रहीं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोहम्मद फहद, प्रो. धर्मेंद्र यादव, आदेश गुर्जर, सुनील शर्मा, बलराज त्यागी, बिजेंद्र शर्मा, सतपाल यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा (सेक्टर-110) ने बुलंदशहर में नियमित विशेषज्ञ ओपीडी सेवाएं की शुरू

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर और आसपास के क्षेत्रों में गंभीर बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा (सेक्टर-110) ने बुलंदशहर में नियमित विशेषज्ञ ओपीडी सेवाएं शुरू करने की घोषणा की है। यह ओपीडी शहर के प्रमुख लक्ष्मी हॉस्पिटल में संचालित होगी। इस ओपीडी के माध्यम से न्यूरो सर्जरी, नेफ्रोलॉजी और जीआई (पेट व लिवर) से जुड़ी बीमारियों के लिए विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध रहेगा। यथार्थ हॉस्पिटल की सीईओ डॉ. गौतमी ए. वी. ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य समय पर जांच और बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है, ताकि मरीजों को बड़े शहरों का रुख न करना पड़े। न्यूरो सर्जन डॉ. अरुण शर्मा ने ब्रेन और स्पाइन से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूकता पर जोर दिया, जबकि नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. रोहन ने किडनी रोगों के बढ़ते खतरे पर चिंता जताई। जीआई सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. आलोक दुबे ने गॉल ब्लैडर पथरी और आंत से जुड़ी बीमारियों के मामलों में बढ़ोतरी की बात कही।

# श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिवस पर रुक्मिणी-कृष्ण विवाहोत्सव, भक्तिरस में डूबा प्रयागराज

**वेलकम इंडिया**



**प्रयागराज।** श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिवस पर आज माता रुक्मिणी जी एवं भगवान श्रीकृष्ण (श्री बाँके बिहारी) के पावन विवाह का दिव्य आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। यह भव्य विवाहोत्सव श्री बाँके बिहारी परिवार एवं श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

कथा व्यास साध्वी पद्महस्ता जी ने अपने ओजस्वी, भावपूर्ण एवं जीवंत प्रवचनों से रुक्मिणीझ्रकृष्ण विवाह प्रसंग का ऐसा सजीव चित्रण प्रस्तुत किया कि श्रद्धालु स्वयं को विवाह मंडप में उपस्थित अनुभव करने लगे। उनकी मधुर वाणी, भावप्रवण शैली और आध्यात्मिक व्याख्या से समूचा पंडाल भक्तिरस से सराबोर हो उठा। विवाहोत्सव के दौरान मंगलाचरण, वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन एवं आनंदोत्सव का विशेष आयोजन हुआ। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने साध्वी जी का अभिनंदन करते हुए ऐसे आयोजनों को समाज में संस्कार, सद्भाव और एकता को सुदृढ़ करने वाला बताया।

इस अवसर पर श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज, प्रयागराज के महामंत्री अभिषेक मित्तल, प्रमेय मित्तल, हरिश्चंद्र अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अजीत बंसल, आशीष गोयल, मनीष अग्रवाल, अनिल गोयल, डॉ. बी.बी. अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, मुरारी प्रसाद अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

श्री बाँके बिहारी परिवार से रश्मि पुरवार, मोहिनी अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, आशुतोष संध, राजन टंडन तथा अग्रवाल महिला मंडल से मोना अग्रवाल, रूपाली गोयल, निधि बंसल, जया मित्तल, सुनीता पोद्दार, पूजा गोयल, महामंत्री नंदिता अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, रीनू मित्तल की गरिमामयी उपस्थिति रही।


## सार संक्षेप

### रामचरितमानस अखंड पाठ के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विशाल भंडारा एवं हुआ भव्य जगराता



**गुरसरांय(झांसी)।** ग्राम पंचायत सिया में 25 वर्षो से अनवरत श्री अखण्ड रामचरित मानस पाठ की वर्षगांठ के शुभ अवसर पर विशाल भण्डारा आयोजित हुआ एवं भव्य कार्यक्रम जिसमें जगराता भी बाहर के कलाकारों द्वारा किया गया।जिसमें महंत जागेश्वर महंत वृंदावन धाम श्री त्यागी जी महाराज अरहर घाट से पधारे हुए अपने मुखारविंद से श्री रामचरितमानस का बखान किया। जिसमें बताया कि भगवान का नाम लेने से तीनों तप मिट जाते हैं दैहिक दैविक भौतिक यह तीनो तापो से मुक्ति मिल जाती है ऐसे भगवान है भक्तों के सारे कष्ट हाल लेते हैं शरण में जाकर तो देखो कई कथाएं सुनाएं इसके बाद बाद हनुमान जी की आरती की गई आरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सिया, खरका, भौबई, जखौरा, ककरबई हर गांव में डुगडुगी पिटवाकर निमंत्रण दिया देर रात तक कार्यक्रम चला रहा। कार्यक्रम में पंडित विकास तिवारी का पूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर रामगोपाल यादव, विष्णु दत्त तिवारी, घनाराम मिश्रा, रामकुमार उपाध्याय, रामनरेश यादव, संजय यादव, गजेंद्र यादव, सागर यादव, मुन्ना यादव, मनोहर सिंह, बृजेश तिवारी, धर्मेंद्र यादव, लाल मास्टर, चेतराम सोनी, वीरेंद्र यादव, कृष्ण अवतार, नरेंद्र यादव, पंकज यादव, मुन्ना कुशवाहा, फूल सिंह, देवेंद्र तिवारी सहित समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासी मौजूद रहे। अंत में पंडित विकास तिवारी ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

### नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर, 82 लोग हुए लाभान्वित



**गुरसरांय(झांसी)।** फेको विधि से निःशुल्क बिना चीरा, बिना टांका के कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण नेत्र शिविर का आयोजन 19 दिसंबर शुक्रवार को ग्राम मडोरी में युवा समाजसेवी मान खांन के नेतृत्व में आयोजित किया गया। समिति के सहयोग से नेत्र व लेंस प्रत्यारोपण शिविर शुरू हुआ। शिविर संयोजक मान खांन ने बताया कि 82 महिला एवं पुरुष शिविर से लाभान्वित हुए। लाभार्थियों को नियमित जांच कर नजर के चश्मे दिए जाएंगे। शिविर में बताया कि आधुनिक फेंको मशीन के माध्यम से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। बताया गया कि अगर दोनों आंखों का करवाना है। तो एक महीने के बाद दूसरा भी करवाया जा सकता है। बताया कि मरीजों के लिए संपूर्ण व्यवस्था, शिविर में आने वाले मरीजों के लिए जांच, ऑपरेशन और दवा सब कुछ निःशुल्क, नाश्ता, भोजन और ठहरने की पूरी व्यवस्था है। साथ ही मरीज के साथ आये उनके एक परिजन के रहने व खाने की सुविधा मिलेगी। शिविर में संजय पटेल, सीताराम श्रीवास, रिंकू सेन, संतोष वर्मा, बादल विक्की पटेल, नीरज सेन, आशीष आर्या, सोनू सेन, राकेश, राहुल, अल्ताफ खान, संजय तल्ली, जीतू यादव खरका सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वारन्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे। ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 01 वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। हापुड़ पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है तथा आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# तीन दिवसीय कांडा महोत्सव का विधायक ने किया शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** कांडा महोत्सव का रंगारंग आगाज हो गया है। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया, बागेश्वर की विधायक पार्वती दास, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।महोत्सव का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि विधायक गड़िया ने कहा कि यह महोत्सव न केवल संस्कृतिक मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि हमारी समृद्ध लोक कला और लोक परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए मील का पत्थर साबित होता है।

कांडा शिक्षा नगरी रही है, यहां पहले दूरदराज क्षेत्रो से लोग शिक्षा ग्रहण करने आते थे।अंग्रेजी हुकूमत में कांडा को प्रमुख पड़ाव माना जाता था, यहां बागेश्वर के अलावा पिथौरागढ़ और सीमावर्ती अल्मोड़ा जिले के लोग पहले विद्याध्ययन हेतु आते थे।कांडा में पठन पाठन करना पहले सभी विद्यार्थियों का शौक होता था।आज भी कांडा क्षेत्र के लोग देश विदेश में रहकर यहां का नाम रोशन करते हैं। महोत्सव के माध्यम से क्षेत्रीय संस्कृति का प्रचार प्रसार होता है।

रामलीला मैंदान में महोत्सव के पहले दिन लोक कला, लोक संस्कृति और सभ्यता की अद्भुत झलक देखने को मिली। जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। महोत्सव के दौरान स्कूली बच्चों ने भी अपनी रंगारंग प्रस्तुति देकर लोगों का मनमोहा तो वही पहले कांडा बाजार से महोत्सव स्थल तक महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली, ढोल नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, हस्तशिल्प, वेशभूषा और स्थानीय खान-पान और विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सांस्कृतिक विविधता और सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। साथ ही महोत्सव का आगाज होते ही क्षेत्रवासियों में भी काफी उत्साह दिखा।

## सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश

# सड़क किनारे हो रहे अतिक्रमण को शीघ्र हटाया जाए: जिलाधिकारी

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था में सुधार तथा सड़क सुरक्षा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, यातायात पुलिस, नगर पालिका, शिक्षा विभाग, एनएचएआई तथा शुगर मिलों के अधिकारी एवं सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में ट्रॉमा सेंटर को शीघ्र संचालित किया जाए। साथ ही दुर्घटनाओं के दृष्टिगत चिन्हित ब्लैक स्पॉट एवं नए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों बछलौता कट, शिवा ढाबा के पास, सरस्वती मेडिकल कॉलेज, रामा मेडिकल कॉलेज के पास तथा एनएच-9 पर बाबूगढ़ से बक्सर कट एवं ततारपुर चौराहे पर भारी संख्या में रिपीटेड बैरियर एवं रंबल स्ट्रिप एक सप्ताह के भीतर लगवाए जाएं।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में सड़क के किनारे हो रहे अतिक्रमण को शीघ्र हटवाया जाए, जिससे यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। यातायात पुलिस को एनएच-9 दिल्ली-लखनऊ मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर विशेष सुधार कार्य कर दुर्घटनाओं की रोकथाम के निर्देश दिए गए। बैठक में शुगर मिलों को भी निर्देशित किया गया कि 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहनों को हटाया जाए। साथ ही गन्ना लदे ट्रकों एवं ट्रैक्टर-ट्रालियों में बॉडी से ऊपर लदान न किया जाए।

# शौर्य शक्ति फाउंडेशन की टीम के माध्यम से विशाल शिक्षा सम्मेलन पांच सौ प्रतिभाओं का किया सम्मान

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में शौर्य शक्ति फाउंडेशन की टीम के माध्यम से 500 प्रतिभाओं का सम्मान 19 दिसंबर 2025 को शिक्षा सम्मेलन में किया गया

संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने बताया हमारा संगठन पिछले 10 वर्षों से लगातार शिक्षा सम्मेलन आयोजित करता रहा है और 5000 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान शिक्षा सम्मेलन मंच के माध्यम से किया गया है।शिक्षा सम्मेलन में मुख्य अतिथि समाजवादी युवाजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद जी और विशिष्ट अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव जी रहे

मोहम्मद फहद ने बताया समाजवादी सरकार में 22 लाख छात्र-छात्राओं को लैपटॉप बांटे गए और लगातार शिक्षा को बढ़ावा दिया गया।2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर फिर से छात्र-छात्राओं के लिए कार्य किया जाएगा।राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव जी ने बताया शौर्य शक्ति फाउंडेशन हापुड जनपद मैं लगातार शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार और महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य करता है और समाजवादी पार्टी आने पर शौर्य शक्ति फाउंडेशन को मजबूत किया जाएगा और गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में लगातार कार्य किया जाएगा।आशुतोष शर्मा ने बताया इस बार के शिक्षा सम्मेलन का विषय गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में गढ़ गंगा विश्वविद्यालय रहा।आशुतोष शर्मा ने बताया गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में गढ़ गंगा विश्वविद्यालय बनाने के लिए हम लोग 23 जनवरी को गढ़ गंगा विश्वविद्यालय संकल्प यात्रा निकालने जा रहे हैं और यहां के छात्र छात्राओं के लिए हम लोग गढ़ गंगा विश्वविद्यालय बनाकर रहेंगे।शिक्षा सम्मेलन में 500 छात्र छात्राओं का 200 महिलाओं को और 200 सामाजिक लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े हुए 1000 से अधिक लोग शामिल हुए।

## उरई स्टेशन बिना टिकट/अनाधिकृत यात्रा करने वालों के विरूद्ध चलाया गया विशेष किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान




**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** मंडल रेल प्रबंधक झाँसी श्री अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अमन वर्मा के निर्देशन में बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम हेतु दिनांक-19.12.2025 को उरई स्टेशन पर व ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा, बिना बुक लगेज, गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध किलाबंदी जाँच की गई। जांच के दौरान 324 बिना टिकट यात्रियों से रु.243470/- रेल राजस्व वसूल किया गया। उरई स्टेशन पर जांच में मुख्य टिकट निरीक्षक (मुख्यालय) श्री एम्एल मीना, श्री भूपेन्द्र कुमार मीणा, श्री हरजीत सिंह, श्री रोहित कुशवाहा, श्री गौरव सिंह, श्री नीरज वर्मा, श्री पवन कुमार और श्री संजय कुमार खरे द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अमन वर्मा ने बताया कि इस प्रकार की जांच मंडल में निरंतर जारी रहेंगे। अतः यात्रियों से अनुरोध है कि वह उचित यात्रा टिकट लेकर एवम निर्धारित सीमा से अधिक सामान को बुक कराकर ही यात्रा करे।

## बुंदेलखंड क्षेत्रीय गहोई वैश्य महिला सभा द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गीता नगरिया का किया गया सम्मान

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** बुंदेलखंड क्षेत्रीय गहोई वैश्य महिला सभा द्वारा तुलसी दिवस पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गीता नगरिया का सम्मान

बुंदेलखंड क्षेत्रीय गहोई वैश्य महिला सभा द्वारा तुलसी दिवस पर विशेष कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभा सरावगी की अध्यक्षता में होटल यात्रिक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हाल ही में नवनिर्वाचित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गीता नगरिया, विशिष्ट अतिथि महिला महासभा की राष्ट्रीय महामंत्री भारती खर्द, चंबल क्षेत्र की महिला अध्यक्ष राखी गेड़ा, सर्व सेवा कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ मधु वत्स, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता जी की धर्मपत्नी श्रीमती मंजू गुप्ता, श्रीमती कुसुम बिस्वारी, बुंदेलखंड क्षेत्र की महामंत्री रजनी गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सभी अतिथियों का माला पहनकर स्वागत किया गया। गोल्डी गुप्ता ने गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया तथा शशि सरावगी ने भजन सुना कर सभी को भाव विभोर कर दिया।

इसके पश्चात अध्यक्ष प्रभा सरावगी द्वारा उद्बोधन दिया गया। रजनी गुप्ता ने राधा तथा निधि नगरिया ने कृष्ण रूप में सुंदर नृत्य प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम संयोजिका रजनी सेठ स्वप्निल मोदी शशि सराओगी दिव्या गुप्ता सोनिया डेंगरे तथा वंदना पहारिया द्वारा सभी सदस्यों को टीका लगाकर गुलाब पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया।

संयोजिकाओं द्वारा तुलसी दिवस पर विशेष प्रश्नोत्तरी राउंड में सदस्यों ने बहुत उपहार जीते। राम श्री गुप्ता तथा वंदना सेठ को तुलसी सजाओ प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त हुआ।

# रानी झांसी को नमन करते हुये सदर बाजार में प्रतिमा तले दी उन्नीस की सलामी



**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** मानव विकास संस्थान व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छावनी नगर के तत्वावधान में इंजी. पी एन गुप्ता की अध्यक्षता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विवेकानंद शाखा छावनी नगर के शाखा कार्यवाह माननीय सुरेन्द्र खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य, राष्ट्रीय कन्वीनर अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य, वरिष्ठ आर्किटेक्चर अजय अरोरा के विशिष्ट आतिथ्य तथा संस्थान की चेयर पर्सन डॉ केश गुप्ता के संयोजन में आज रानी झांसी की प्रतिमा तले उन्हें नमन करते हुए सलामी दी गयी। आरम्भ में अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण कर किया गया। रानी झांसी के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए आज की कार्यक्रम संयोजिका ने आगामी पीढ़ी के बच्चों को उनके जीवन से प्रेरित होने का आवाहन किया।

कन्वीनर ने कहा ब्रिटिशर्स ने अपने लेख में बताया रानी अपने घोड़े की लगाम मुख में दबा कर दोनों हाथों से विरोधियों का संहार करती थी। मुख्य अतिथि ने कहा आजादी के अमृत महोत्सव से सलामी कार्यक्रम को निरन्तर मानव विकास संस्थान रानी की जन्म की तिथि के दिन माह की प्रत्येक उन्नीस तारीख को सलामी देते हुए उन्हें नमन करता आया है, उन्होंने कहा रानी ने झांसी को सम्पूर्ण विश्व में ख्याति दिलायी, संस्थान द्वारा रानी के करतबों को आगामी पीढ़ी में संस्कारित करने के विशिष्ट कार्य में संलग्न संस्थान को साधुवाद दिया।

स्वयंसेवक संघ छावनी नगर एवं सभी ने रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा को नमन करते हुए राष्ट्रगान के साथ सलामी दी।

# पॉवर कॉरपोरेशन प्रबन्धन के दमनकारी रवैए से ऊर्जा निगमों में आपातकाल जैसा माहौल

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि एक वर्ष पूर्व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का एकतरफा निर्णय घोषित कर पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन ने अनावश्यक तौर ऊर्जा निगमों में कार्य का वातावरण पूरी तरह बिगाड़ दिया और बिजली कर्मियों को आंदोलन के लिए मजबूर कर दिया है।

संघर्ष समिति के पदाधिकारी ई0 राजेश कुमार ने कहा कि इस एक साल के दौरान पॉवर कॉरपोरेशन प्रबन्धन बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं का लगातार उत्पीड़न कर रहा है जिससे ऊर्जा निगमों में टकराव का वातावरण बन गया है और विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के चलते ऊर्जा निगमों में अघोषित आपातकाल जैसा माहौल बन गया है। संघर्ष समिति के पदाधिकारी वेद प्रकाश राय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी से अपील की है कि वे हस्तक्षेप कर बिजली कर्मियों पर आंदोलन के नाम पर की गई समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस कराने की कृपा करें जिससे उनके कुशल नेतृत्व में लगातार बिजली व्यवस्था के सुधार में लगे हुए बिजली कर्मी पूरे मनोयोग के साथ उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान कर सकें। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मियों का माननीय मुख्यमंत्री जी पर पूरा विश्वास है और उनके नेतृत्व में बिजली कर्मियों ने लगातार सुधार किया है और आगे भी सुधार करने हेतु संकल्पबद्ध हैं।

निजीकरण के विरोध में लगातार चल रहे आंदोलन के 387 वें दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेश भर में समस्त जनपदों में व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी रखा गया इस क्रम में आज संत कबीर नगर में विरोध प्रदर्शन में ई0 राजेश कुमार, कार्यकारी सहायक वेद प्रकाश राय, राघवेंद्र सिंह, अमरनाथ यादव, दिलीप सिंह, दुर्गा प्रसाद, सुनील प्रजापति, सूरज प्रजापति नारायण चंद्र चौरसरिया रंजन कुमार श्रवण प्रजापति धीरेन्द्र यादव मनोज यादव, रमेश प्रजापति , अशोक कुमार आशीष कुमार प्रिंस गुप्ता, आर्यन कुमार वीरेंद्र मौर्य समेत अन्य बिजली कर्मी मौजूद रहे।

## बंधन बैंक कर्मचारी की बाइक चोरी, पुलिस तलाश में जुटी

**कांधला।** कस्बे की टीचर कॉलोनी स्थित बंधन बैंक के बाहर से एक कर्मचारी की बाइक किसी चोर ने मौका पाकर चोरी कर ली। पीड़ित कर्मचारी ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस बाइक चोर की तलाश में जुटी हुई है। जनपद मेरठ के गांव प्रहलादपुर निवासी इशितयाक अहमद कस्बे की टीचर कॉलोनी स्थित बंधन बैंक में कर्मचारी है। बंधन बैंक के कर्मचारी का कहना है कि उसने विगत गुरुवार को अपनी बाइक बैंक के बाहर गली में खड़ी कर रखी थी। तभी किसी चोर ने मौका पाकर उसकी बाइक चोरी कर ली। पीड़ित का कहना है कि उसने बाइक चोर की तलाश की मगर कहीं भी सुराग नहीं लगा। शुक्रवार को पीड़ित बैंक कर्मचारी ने थाने पर पहुंचकर बाइक चोर के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस में बैंक कर्मचारी को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों में फुटेज खंगालते हुए चोर की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है पुलिस तलाश कर रही है जल्दी बाइक बरामद कर चोर को पकड़ लिया जाएगा।

# गीता और महामना के उद्घोष से गुंज उठा के वी पब्लिक स्कूल

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

वाराणसी :- के वी पब्लिक स्कूल कर्मनवीर सुसुवाही में गीता जयंती एवं महामना जयंती के उपलक्ष्य में गीताज्ञान प्रतियोगिता,भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता और गीता श्लोक गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में बच्चों ने बड़े उत्साह-उमंग से भाग लिया` प्रबंध निदेशक डॉ अजय कुमार पाण्डे ने भगवद्गीता और महामना मालवीय के प्रति अटूट श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि गीता ज्ञान एवं महामना मालवीय के जीवनमूल्य बच्चों के चरित्र निर्माण में अमृत के समान हैं` महामना मालवीय स्मृति संस्कार पुस्तकालय के अध्यक्ष तथा मालवीय मिशन (बीएचयू ईकाई) के उपाध्यक्ष एवं बीएचयू विधि संकाय में प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में कई विद्यालयों में ये प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

इन प्रतियोगिताओं के मुख्य संयोजक चीफ फार्मासिस्ट ऑफिसर एवं गीता ज्ञान शिक्षक अखिलेश कुमार राय



ने कहा कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक और गीता के अग्रणी उपासक महामना मालवीय हम सभी के लिए कुलगुरु और प्रेरणा श्रोत हैं अनके जीवन मूल्यों का अनुसरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलकर ही हम विकसित भारत का संकल्प सिद्ध कर सकते हैं इसलिए एक दिसंबर गीता जयंती तथा 25 दिसंबर महामना मालवीय जयंती के उपलक्ष्य में शहर के 25 विद्यालयों में इन प्रतियोगिताओं के द्वारा महामना महोत्सव मनाया जा रहा है जिसमें बढ़-चढ़कर हजारों की संख्या में बच्चे भाग ले रहे हैं उन्होंने कहा कि के वी पब्लिक स्कूल के वातावरण की दिव्यता से बच्चों में अपने महापुरुषों तथा भगवद्गीता के बारे में जानने की प्रबल रुचि है जो हमारी नई पीढ़ी की बहुत बड़ी ताकत है।

इसलिए,गीता का अमृत तथा महामना जैसे महानायकों का जीवन चरित नई पीढ़ी तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है` विद्वता बढ़ने के साथ ही बच्चों का हृदय पवित्र एवं सुंदर चरित्र हो, ताकि ये महामना के रत्न बनकर संपूर्ण विश्व में जगमग प्रकाश फैलायें उन्होंने एक स्वरचित गीत "महामना के चरणों में शत शत नमन,हम भी बनेंगे उनके रत्न" गाकर सुनाया जिसमें सहभाग करते हुए भाव विभोर हो गए बच्चे।

## ट्रैक्टर में गांजा ले जाता शातिर तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल




**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक ट्रैक्टर सवार से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी एनपी सिंह के आदेश पर गंगेरू चौकी इंचार्ज विक्रम सिंह भाटी गंगेरू कांधला मार्ग पर संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक ट्रैक्टर आता दिखाई दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को रुकने का इशारा किया तो ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर की गति बढ़ा दी। पुलिस ने पीछा कर ट्रैक्टर को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर ट्रैक्टर के टूल से 39 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में गांजा तस्कर ने अपना नाम अमरपाल पुत्र अजब सिंह निवासी ग्राम इस्सौपुरटील थाना कांधला बताया है। पुलिस पूछताछ में गांजा तस्कर ने बताया कि वह ट्रैक्टर में गांजा इसलिए लाता है कि कोई उस पर शक न कर सके, वह हरियाणा से गांजा खरीद कर आस पास के गांवों में सप्लाई करता है। पुलिस ने कहा जाता तस्कर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि एक गांजा तस्कर को भारी मात्रा में गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है। मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## सार्वजनिक स्थानों पर नहीं जल रहे अलाव, जिम्मेदार मौन

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के प्रमुख चौराहों व बाजारों में बढ़ती ठण्ड और गलन के बाद भी अलाव की व्यवस्था नहीं हो सकी है। जिससे लोग ठिठुरने को विवश हैं। जानकारी व मांग के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। सेमरियावा ब्लाक क्षेत्र के प्रमुख चौराहे सेमरियावा, उसराशहीद, बाघनगर, दुधारा, सालेहपुर, अगया, टेमा रहमत, करही, दानूकुइया आदि बाजारों / चौराहों पर बढ़ती ठण्ड, गलन और शीतलहर के बाद भी अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं हो सकी। ग्रामीण गोविन्द जायसवाल, अतीक सिद्दीकी, इरशाद अहमद, तनसीव अहमद रोमी, शफीकुर्रहमान, मौलाना उबैदुर्रहमान, सैयद तारिक हुसैन आदि दर्जनों लोगों ने प्रशासन से सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की मांग किये हैं।

## पीआरवी 6886 द्वारा दुर्घटना में घायल 01 व्यक्ति को भेजवाया गया अस्पताल

**संतकबीरनगर।** पीआरवी 6886 को थाना दुधारा क्षेत्रांतर्गत दुधारा चौराहा से कालर द्वारा अज्ञात वाहन द्वारा बाईक को टक्कर मार देने से दुर्घटना में घायल 01 व्यक्ति अवधेश पुत्र रामवृक्ष सा0 रमवापुर थाना बखिरा जनपद सन्तकबीरनगर के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी हे0का0 अमरेन्द्र कुमार, का0 इन्द्र कुमार मौर्या, हो0चा0 जयप्रकाश ने त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँचकर दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस की सहायता से ईलाज हेतु अस्पताल भेजवाया गया । घटना के सम्बन्ध में थाना दुधारा को अवगत कराया गया ।

## डीएम की अध्यक्षता में शादी अनुदान योजनान्तर्गत स्वीकृति समिति की बैठक हुई आयोजित

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में शादी अनुदान योजनान्तर्गत स्वीकृति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कक्ष में आहूत की गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत कुल 1200 आवेदकों का लक्ष्य निर्धारित है। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष रुपए 240.00 लाख की धनराशि का आवंटन प्राप्त हुआ है, जिसमें से पूर्व में 933 लाभार्थियों को रुपए 186.60 लाख की धनराशि का भुगतान नियमानुसार किया जा चुका है। बैठक में शेष 267 आवेदकों को रुपए 53.40 लाख की धनराशि व्यय किए जाने हेतु उपस्थित जनप्रतिनिधियों की सहमति से स्वीकृति प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रवीश चंद्र सहित संबंधित आदि उपस्थित रहे।

## नालों पर अतिक्रमण बना जल निकासी में बाधा, नगर पालिका ने भेजा नोटिस

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के गंगेरू मार्ग पर सड़क के दोनों ओर बने नालों पर लगातार हो रहे अतिक्रमण के कारण नालों की नियमित सफाई नहीं हो पा रही है। इसके चलते जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है, जिससे बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने की आशंका बनी रहती है।

कस्बा निवासी इनाम, शहजाद, खुर्शीद, रिजवान, शाहिद, आदि लोगों का कहना है कि नालों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण गंदा पानी सड़क पर फैलने लगता है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद से शीघ्र नाला सफाई कराने की मांग की है।शुक्रवार को नगर पालिका परिषद ने मामले में गंगेरू मार्ग पर नालों के ऊपर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी किए। नोटिस में स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित दुकानदार दो दिन के भीतर नालों से अतिक्रमण हटा लें, ताकि सफाई कार्य सुचारू रूप से कराया जा सके।नगर पालिका परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो पालिका प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पालिका की ओर से जबरन अतिक्रमण हटाकर नालों की सफाई का कार्य शुरू कराया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित अतिक्रमणकताओं की होगी।

मुख्य लिपिक अशोक कुमार का कहना है कि अतिक्रमण कर रहे दुकानदारों को दो दिन का अल्टीमेटम देकर नोटिस भेजा गया है। अतिक्रमण नहीं हटने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# मिशन शक्ति अभियान , महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से मुख्यमंत्री द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को थाना की मिशन शक्ति टीम ने नगर में जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस दौरान टीम ने सरकारी अस्पताल, मुख्य चौराहों, बाजारों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।



मिशन शक्ति टीम के उप निरीक्षक सुनील दत्त एवं हेड कांस्टेबल मिथिलेश सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, उत्पीड़न या अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें। टीम ने सरकार द्वारा महिलाओं की सहायता के लिए चलाए जा रहे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की, जिनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 1090, महिला एवं बाल सुरक्षा हेल्पलाइन 1091, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं।पुलिस टीम ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को भयमुक्त वातावरण प्रदान करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा समाज में उनके सम्मान को सुनिश्चित करना है।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं ने रुचि के साथ जानकारी प्राप्त की और पुलिस द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की। मिशन शक्ति टीम ने भरोसा दिलाया कि महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए पुलिस हर समय तत्पर है।

## पड़ोसी युवक ने गर्भवती को ईंट मार कर किया घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव नाला में मामूली विवाद को लेकर पड़ोसी युवक ने एक गर्भवती महिला के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित महिला ने थाने पर पहुंचकर अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी वसीम ने बताया कि उसकी बहन गुलफशा, घर पर बैठी हुई थी आरोप है कि तभी उसके पड़ोस के युवक ने पीड़ित व उसकी बहन के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोपी ने ईंटों से पथराव किया आरोपी द्वारा किए गए पतराव से एक ईंट पीड़िता की बहन को लग गई जो की तीन माह की गर्भवती है। शौर-शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित ने घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

# गैर जनपद स्थानांतरण पर रुदौली कोतवाली में भावुक विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया/फतेह खान**

**रुदौली, अयोध्या।** जनपद से गैर जनपद स्थानांतरित किए गए पुलिस कर्मियों के सम्मान में शुक्रवार को रुदौली कोतवाली परिसर में एक भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 11:00 बजे संपन्न हुआ।इस अवसर पर महिला उपनिरीक्षक दीपशिखा सिंह, हेड कांस्टेबल अशोक यादव, हेड कांस्टेबल मनोज चौधरी एवं हेड कांस्टेबल अनुज यादव को विधिवत विदाई दी गई।



विदाई प्राप्त करने वाले पुलिस कर्मियों में महिला उपनिरीक्षक दीपशिखा सिंह का स्थानांतरण रुदौली से अमेठी जनपद, हेड कांस्टेबल अशोक यादव एवं अनुज यादव का अंबेडकर नगर, जबकि हेड कांस्टेबल मनोज चौधरी का गैर जनपद स्थानांतरण हुआ है।

लंबे समय तक अयोध्या जनपद की रुदौली कोतवाली में तैनात रहे इन पुलिस कर्मियों ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ जनता के बीच सकारात्मक छवि स्थापित की। क्षेत्रवासियों के अनुसार, सभी पुलिसकर्मी अपने सहज, संवेदनशील एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यवहार के लिए जाने जाते थे।विदाई समारोह में प्रभारी निरीक्षक सहित सर्किल के सभी चौकी प्रभारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने स्थानांतरित कर्मियों को माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह के दौरान माहौल भावुक रहा और सहयोगियों ने उनके साथ बिताए पलों को साझा किया।

# दो वाहनों की आमने-सामने की भिड़ंत , तीन लोग घायल

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गंगेरू मार्ग पर दो वाहनों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

कस्बे की कमेला कॉलोनी निवासी साजिद व आसिफ बाइक नुमा रेहड़े में सब्जी खरीद कर देहात क्षेत्र में बेचने का कार्य करते हैं। दोनों लोग अपने वाहन में सब्जी भरकर गंगेरू क्षेत्र में सब्जी बेचने के लिए गए हुए थे। और सब्जी बेचकर वापस अपने घर आ रहे थे। जैसे ही दोनों लोग गंगेरू मार्ग स्थित अलफलाह फैक्ट्री के समीप पहुंचे तो सामने से आ रहे गांव गढ़ी श्याम निवासी अनुज की बाइक





की टक्कर हो गई। दोनों वाहनों की भिड़ंत में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में तीनों लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# शिवांजली पिक्चर्स के बैनर तले निर्मित आर.एस. प्रोडक्शन की धार्मिक फिल्म छठी मइया की कृपा का प्रीव्यू संपन्न

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी ।** शिवांजली पिक्चर्स के बैनर तले निर्मित आर.एस.प्रोडक्शन की धार्मिक फिल्म के प्रीव्यू में फिल्म से जुड़े कलाकारों,सहयोगियों और विशिष्ट जनों ने उपस्थित होकर फिल्म की काफी प्रशंसा की। छठ पूजा के महत्व और संपूर्ण पूजन प्रक्रिया की जानकारी देने वाली फिल्म "छठी मइया की कृपा" में नगर के सुप्रसिद्ध एवं उदीयमान कलाकारों को अभिनय और प्रोडक्शन संबंधी कार्यों का अवसर प्रदान किया गया है` फिल्म में शंकर रवि,आनंदिता तिवारी,दिनेश श्रीवास्तव,मधु पाण्डेय 'मृदुला', उत्सव श्रीवास्तव, सोनाक्षी,दिव्यांशी,अविरल, डॉ. दीपक कुमार एवं किरन शर्मा ने प्रमुख



भूमिकाएं निभाई हैं। वीणा सहाय,डॉ.संतोष सिंह, अनुराग तिवारी,नीरज श्रीवास्तव, आलोक सिंह,सुष्मिता श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, शिशिर श्रीवास्तव,दीपक मिश्रा, डॉ.रुद्र,राकेश श्रीवास्तव, सावित्री, अजय एवं रुक्मिणी आदि कलाकारों ने अतिथि भूमिका निभाते हुए फिल्म में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। फिल्म के निमार्ता-निर्देशक शंकर रवि हैं जिन्होंने अभिनय के साथ-साथ पारिवारिक पार्श्व गीत की रचना और उसका गायन भी किया है। कहानी,पटकथा,संवाद लिखने के साथ ही फिल्म का सह-निर्देशन अमलेश श्रीवास्तव ने किया है। छठ पर्व पर आधारित इस फिल्म के लिए वीणा सहाय के शोध कार्य और कावेरी मोहन के छठ गीत की अत्यधिक सराहना की गई जिसे मधु मिश्रा ने स्वरबद्ध किया है गीतों को पीयूष मिश्रा ने संगीत से संवारा है फिल्म में पार्श्व संगीत रामाश्रय मौर्य ने दिया है।क्रिएटिव मीडिया के तकनीकी सहयोग से बनी इस फिल्म में भरत गुप्ता, अभिषेक, अनुज सिंह, जुगनू,उज्वल आदि का सराहनीय योगदान रहा ध्वनि मुद्रण का सहयोग राजेश सिंह 'राशो' ने किया` फिल्म निर्माण में सरिता लखोटिया, धुन श्रीवास्तव,विशाल सिंह,नेहा ने प्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया।

# दबिश के दौरान 14 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना दुधारा उ0नि0 प्रदीप कुमार सिंह, उ0नि0 श्री शोभनाथ, उ0नि0 श्री अभय कुमार पाण्डेय, उ0नि0 श्री राजेन्द्र सिंह, हे0का0 विनोद यादव, का0 अमरजीत यादव, का0 अरविन्द गौड़ ने वारण्टी वलीउल्लाह पुत्र रियाजुल्लाह निवासी परसाशेख, मुन्नीलाल पुत्र भगेलू निवासी राजापुर सरैया थाना दुधारा जनपद सन्तकबीरनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

थाना महुली उ0नि0 अजीत प्रताप सिंह, उ0नि0 नागेन्द्र पाण्डेय, उ0नि0 अरविन्द सिंह, उ0नि0 ललितकान्त यादव, का0 सन्नी यादव, हे0का0 नुरुद्दीन खान, का0 राजमंगल यादव, हे0का0 श्रीकान्त यादव, का0 बब्बल यादव व का0 विकास साहनी ने वारण्टी रामसुभग पुत्र सुख्खू साकिन सांखी, अनिल कुमार पुत्र रामप्रसाद साकिन शिवबखरी, राजेन्द्र पुत्र रामप्रसाद साकिन शिवबखरी, विजय कुमार पुत्र रामप्रसाद साकिन शिवबखरी, रामभुआल पुत्र किशोर साकिन शिवबखरी, रामजीत पुत्र रुपई साकिन शिवबखरी, गौरीशंकर मौर्या पुत्र राजबली साकिन शिवबखरी, रुदल पुत्र प्रभू साकिन कोदवट, तिलकधारी पुत्र दशरथ साकिन मुखलिसपुर, कुनाल उर्फ आदित्य पुत्र धर्मेन्द्र उर्फ पिन्टू सिंह साकिन चन्दहर थाना महुली जनपद सन्तकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।

# एसआरएम इंस्टिट्यूट में 10 वा इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी दिल्ली -एनसीआर केंपस गाजियाबाद में 10इँ इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन यूनिवर्सल ह्यूमन वेल्यूजह्व का 19 से 21 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का स्वागत भाषण में डॉ रजनीश अरोरा (चेयरमैन एनसीसी-आईपी ए आई सी टी ई ) ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि जीवन मूल्यों को समझने के लिए सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों समय का माँग है और आपनी सोच को मजबूती प्रदान करने का सशक्त माध्यम है।इस विषय से ना केवल समाज को बल्कि देश को एक नई ऊर्जा प्राप्त होती है। इस करिक्रम के मुख अतिथि प्रोफेसर टी.जी सीताराम (चेयरमैन ए आई सी टी ई) ने कहा कि भारत में शिक्षा के साथ -साथ सामाजिक और सांस्कृतिक विकास और सामाजिक सद्भाव और एकता मानव मूलियो के माध्यम से देश को समृद्ध बनाने और शिक्षा मैं सुधार लाने की ससक्त आवश्यकता है और इस के माध्यम से देश और दुनिया को भी प्रेरणा के साथ -साथ शिक्षा को भी एक नया आयाम दिया जा सकता हैं।.इस के बाद संस्थान एसआरएम आई एस टी के निर्देशक एवं गेस्ट ऑफ ऑनर, डॉ. एस. विश्वनाथन ने वसुदेव कुटुम्बकम पर प्रकाश डालते हुए हमें यह समझाया की किस तरह एक आदर्श मानव जीवन का लक्ष्य सार्वभौमिक लाभ होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत लाभ।माननीय डायरेक्टर सर ने अपने बक्तब्य में आगे इन मूल्यो का शिक्षा प्रणाली में महत्व बताते हुए कहा कि किस तरह ये मूल्य एक सामंजस्यपूर्ण जीवन, आपसी विश्वास और सहयोग के लिए जरूरी हैं, जो व्यक्ति और समाज दोनों के विकास की नींव रखते हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन दूसरे गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ अमिता देव (एडवाइजर ए के जी ई सी) ने कहा कि भारत में इस प्रकार के आयोजन से ना केवल देश के विकास में योगदान मिलेगा बल्कि विश्व में अपने देश की पहचान और भी मजबूत होती है। आज के युवा पीढ़ी को अपने देश के संस्कृति और विरासत के साथ मान्यो मूल्ये को भी में ही नवाचार करने के लिये प्रोत्साहित करना आवश्यक है ताकि देश की प्रतिभा को देश में सम्मान और पहचान मिले।

# जन समस्याओं को लेकर भाकियू किसान सभा ने ज्ञापन सौपा

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** जन समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन किसान सभा अराजनैतिक ने राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी के नेतृत्व में खंड विकास अधिकारी मुरादनगर को एक ज्ञापन सौपा।स्वतंत्र त्यागी ने कहा कि खिंदौड़ा महमदपुर मार्ग पर जर्जर हालत में नालियों के होने से सड़क पर पानी भर जाने से मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और पूरे गांव को गंदे पानी से गुजर कर सफर करना पड़ रहा है। स्कूल के बच्चे व महिलाओं को गंदे पानी से गुजरना पड़ रहा है।कई बार लिखित में देने के बावजूद भी ब्लॉक मुरादनगर के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। गांव मोहम्मदपुर आमद बागपत में सड़क पर पानी भर जाने के कारण गांव वालों को बीमारी फैलने का भी डर सता रहा है। आवारा पशु किसानों की फसलों को भी बर्बाद कर रहे हैं।आवारा पशु किसानों पर हमला भी कर रहे हैं । कितने ही किसानों को गंभीर चोटे आ चुकी हैं इन आवारा पशुओं को जल्द से जल्द पकड़कर गौशाला में दाखिल किया जाए मोहम्मदपुर आमद बागपत में कुछ दबंगों ने सरकारी हैंड पंप पर समरसेबल लगा रखे हैं।

मुरादनगर ब्लॉक के कर्मचारियों की मिली भगत से उनकी भी जांच की जाए अन्य विभिन्न समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी मुरादनगर को समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया।अगर एक हफ्ते के अंदर इन समस्याओं पर कोई विचार न किया गया तो मुरादनगर ब्लॉक पर क्षेत्र के किसान भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के बैनर तले बडा आंदोलन करेंगे।ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, पश्चिम प्रदेश प्रभारी रोहित त्यागी, किसान नेता आकाश त्यागी, धीरज त्यागी, भूषण त्यागी, नीतू त्यागी,विनोद त्यागी, राजेश्वर त्यागी, सुबोध कुमार, प्रमोद त्यागी, पिंटू त्यागी,राजपाल, मनोज आदि लोग मौजूद रहे।

# थाना निवाड़ी क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों ने जनता के साथ संवाद किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** थाना निवाड़ी क्षेत्र में ग्राम कैथवाडी व फिरोजपुर , अबूपुर में जनता के साथ संवाद किया। साइबर प्रभारी व मिशन शक्ति प्रभारी एवं थाना प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह ने लोगों के साथ संवाद स्थापित किया गया जिसके माध्यम से लोगों को बीट प्रणाली, साइबर सुरक्षा, तथा मिशन शक्ति केंद्र के बारे में अवगत कराया गया तथा, वादी संवाद दिवस, थाना दिवस, तहसील दिवस के बारे में बताया गया। ग्राम सुरक्षा समिति का पुनर्गठन, संभ्रांत व्यक्तियों की सूची को अपडेट किया गया तथा गांव के लोगों को व्हाटसप ग्रुप में जोड़ा गया तथा सरकार द्वारा चलाई गयीं विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी व हेल्पलाइन नम्बरों 112, 1090, 181, 1930, 108, 102, 1076 की जानकारी दी गयी। सभी ग्राम वासियों को कमिश्नरेट गाजियाबाद के ट्विटर हैंडल, फेसबुक इंस्टाग्राम, इंस्टाग्राम पर अधिक से अधिक जुड़ने की अपील की गई ।

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में मोदी कॉलेज का छात्र अखिलेश रहा प्रथम

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी समारोह के अंतर्गत वाजपेई की उपलब्धियां पर विद्यालय में तहसील स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगितामें मोदी कॉलेज का छात्र अखिलेश प्रथम रहा। डॉ केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा के निदेशों के क्रम में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी समारोह के अंतर्गत वाजपेई की उपलब्धियां पर विद्यालय में तहसील स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई । इस प्रतियोगिता में तहसील के कुल 6 विद्यालयों डॉक्टर के एन मोदी पी बीएस कन्या विद्यालय, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज ,रुक्मणी इंटर कॉलेज, जवाहर कन्या इंटर कॉलेज मुरादनगर ,चमेली देवी कन्या इंटर कॉलेज सोंदा के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में सुशासन लोकतांत्रिक मूल्य, राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता पैदा करना है।प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने अटल बिहारी वाजपेई के जीवन व्यक्तित्व और भारतीय राष्ट्र के प्रति उनके अतुल अतुलनीय योगदान पर अपने विचार लिखे।इस प्रतियोगिता को आयोजित कराने में विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता और प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह और इस प्रतियोगिता की। नोडल अधिकारी डॉक्टर नीतू चौधरी व सहनोडल अधिकारी डॉ पूनम वशिष्ठ और महानंद सिंह का सहयोग प्रशंसनीय रहा ।डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के कक्षा 10 के छात्र अखिलेश कुमार कंसल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कुमारी पलक त्यागी जीएलएम इंटर कॉलेज मुरादनगर द्वितीय स्थान पर वह कुमारी रिद्धिमा पी बीएस कन्या इंटर कॉलेज मोदीनगर तृतीय स्थान पर रही सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं और उनको प्रेरित करने वाले सभी शिक्षक शिक्षकाओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह व नोडल अधिकारी डॉक्टर नीतू चौधरी ने बताया कि तहसील स्तरीय प्रतियोगिता में केवल विद्यालय स्तर पर प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं ने ही प्रतिभाग किया।इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राएं 22 दिसंबर को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में गाजियाबाद में प्रतिभाग करेंगे।

# बंद गोभी और चुकंदर की खेती से किसान कमा रहे अच्छा मुनाफा



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर अहार क्षेत्र के गांव दरावर बनवारीपुर मौहरसा अहार के खेतों में बंद गोभी यानी पत्ता गोभी और चुकंदर की फसल किसानों को अच्छा मुनाफा दे रही है। किसान हरकिशन, ओमपाल, रिंकू सिंह, अरविंद आदि ने बताया कि मौहरसा स्थित सब्जी क्रेता सेंटर में इस सब्जी का अच्छा मूल्य मिल जाता है। यहां तीन कम्पनी के अलग अलग सेंटर खुले हुए हैं।जो साल भर विभिन्न प्रकार की सब्जी खरीदकर दिल्ली और नोएडा शहरों में भेजती रहती है। किसानों को अच्छा मुनाफा मिलता रहता है। सेटर संचालक दीपक कुमार ने बताया किसानों से सब्जी मंहगी खरीद कर उसे आगे शहरों में कम्पनी के लिए गाड़ियों में भरकर भेज दिया जाता है।

# कला प्रदर्शनी का सफल एवं भव्य आयोजन किया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स में 25वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला पंजाबी संगठन, मोदीनगर एवं लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई विविध एवं उत्कृष्ट कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसने उपस्थित अतिथियों और दर्शकों को अत्यंत प्रभावित किया। इसी क्रम में महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नय्यर को उनके उल्लेखनीय सामाजिक योगदान, उपलब्धियों एवं निरंतर किए जा रहे परोपकारी कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें संस्थान की ओर से प्रतीक चिन्ह, कलाकृति एवं शॉल भेंट कर सम्मान प्रदान किया गया।अपने संबोधन में डॉ. शालिनी नय्यर ने



विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें कला के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संस्थान के निदेशक श्री संघर्ष शर्मा एवं फैकल्टी सदस्य रुचि विद्यार्थी का विशेष आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. शालिनी नय्यर के साथ हर्षिता चौधरी, कोमल शर्मा, रोजी आनंद, अभिलाषा, मीनू त्यागी एवं प्रत्यक्षा भी उपस्थित रहीं।

# थाना जहांगीरपुर पुलिस द्वारा फर्जी जमानतदारों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर की गयी वैधानिक कार्यवाही

बुलंदशहर एडीजी के आदेशानुसार जनपद में चलाये जा रहे जमानतदारों के सत्यापन हेतु विशेष जाँच/अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में वादी उ0नि0 पवन कुमार थाना जहांगीरपुर द्वारा थाना जहांगीरपुर पर तहरीर दी कि अभियुक्तगण द्वारा कूट रचित दस्तावेज तैयार करके जनपद बुलन्दशहर के विभिन्न थानों पर पंजीकृत अभियोगों में नामित अभियुक्तों की जमानत ली है। इस सम्बन्ध शुक्रवार को प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जहांगीरपुर पर मुकदमा बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई है।अभियुक्तों के नाम रवि पुत्र सोरन सिंह निवासी ग्राम नार मौहम्मदपुर थाना जहांगीरपुर नरेन्द्र कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम मालवा थाना दादौं जनपद अलीगढ़।

# प्रशासन ने जरूरतमंदों को कंबल वितरण किए गए

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** तहसील प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद की ओर शहर में जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया गया। उप जिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह एवं अधिशासी अधिकारी ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर कंबल वितरित किए। इस दौरान लगभग 150 कंबलों को वितरण किया गया। पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र ने बताया कि लंकापुरी, बिसोखर रोड सहित आदि कालोनियों में पहुंचकर जरूरतमंदों को कंबल दिए गए हैं। यह अभियान सर्दी के मद्देनजर जारी रहेगा। इस मौके पर नायब तहसीलदार मुकेश कुमार शर्मा पालिका से अंकित चौधरी, संदीप शर्मा आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर में यातायात नियमों की समझ और पालन पर विशेष कार्यक्रम

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर में विद्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर एक विशेष यातायात एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों, संकेतों, प्रतीकों एवं ट्रैफिक लाइट्स के अर्थ से परिचित कराना तथा सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा (मुख्य यातायात प्रशिक्षक) रहे। उनके साथ कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी, विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी, की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा ने विभिन्न यातायात संकेतों, चिन्हों और ट्रैफिक लाइट्स के अर्थ को सरल एवं रोचक उदाहरणों के माध्यम से समझाया।उन्होंने बताया कि लाल, पीली और हरी बत्ती केवल रंग नहीं हैं, बल्कि ये हमारे जीवन की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण चेतावनियाँ हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चेतावनी संकेत, निषेध संकेत और अनिवार्य संकेत सड़क पर अनुशासन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करना और गति सीमा का पालन करना केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा के उपाय हैं। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने अपने वक्तव्य में कहा कि सड़क सुरक्षा की शिक्षा बचपन से ही दी जानी चाहिए ताकि बच्चे आगे चलकर जिम्मेदार नागरिक बन सकें। उन्होंने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना केवल अपनी ही नहीं, बल्कि दूसरों की सुरक्षा का भी दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने परिवार और समाज में भी सड़क सुरक्षा का संदेश फैलाएँ। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक जीवनशैली होनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, धैर्य और जिम्मेदारी के साथ सड़क पर व्यवहार करने की सीख दी। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के हेडमास्टर अंकित गालयान के आभार व्यक्त के साथ हुआ ।

# शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहें बच्चे- समय रहते तैयारी जरूरी : आईपीए

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन (आईपीए) ने शिक्षा सत्र 2026 27 के लिए आरटीई (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) के अंतर्गत आने वाले सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे दाखिले के लिए आवश्यक दस्तावेज समय रहते तैयार रखें, ताकि आवेदन प्रक्रिया शुरू होते ही किसी भी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके। आईपीए की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी एवं उपाध्यक्ष विनय कक्कड़ ने बताया कि सामान्यतः आरटीई दाखिलों की प्रक्रिया दिसंबर माह में प्रारंभ हो जाती है, लेकिन इस वर्ष प्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्य के कारण अधिकांश विभागीय स्टाफ व्यस्त है। इसी कारण आरटीई दाखिलों की प्रक्रिया जनवरी 2026 में शुरू होने की संभावना है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से हुई वार्ता के अनुसार जैसे ही आवेदन की तिथि निर्धारित होगी, उसे सार्वजनिक रूप से जारी किया जाएगा। आईपीए ने अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे समय का सदुपयोग करते हुए निम्नलिखित आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार रखें – आवश्यक दस्तावेज, बच्चे एवं अभिभावक का आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (अल्पसंख्यक/अल्पित समूह हेतु), वार्षिक आय प्रमाण पत्र (दुर्बल वर्ग हेतु, अधिकतम ?1 लाख), आधार से लिंक अभिभावक का बैंक खाता, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, (दिव्यांग, एचआईवी या कैंसर पीड़ित अभिभावकों के बच्चों हेतु), तहसीलदार/संबंधित विभाग द्वारा जारी प्रमाण पत्र, (निराश्रित, बेघर, विधवा, वृद्धावस्था या दिव्यांग पेंशनधारी अभिभावकों के बच्चों हेतु), आईपीए ने आरटीई के अंतर्गत आने वाले सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे समय रहते पूरी तैयारी कर अपने बच्चों के शिक्षा के अधिकार का लाभ सुनिश्चित करें और किसी भी तरह की लापरवाही से बचें।

# आरडीसी गौर मॉल स्थित बार्बीक्यू नेशन पर 10 हजार का जुमार्ना

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए कचरा पृथक्करण को लेकर अपना अभियान और तेज कर दिया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निदेर्शानुसार नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे शहर में गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत न केवल आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है, बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर जुमार्ना भी लगाया जा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को आरडीसी स्थित गौर मॉल में संचालित प्रसिद्ध रेस्टोरेंट बार्बीक्यू नेशन पर कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान रेस्टोरेंट में गीला और सूखा कचरा अलग-अलग न करके मिक्स वेस्ट पाए जाने पर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर 10,000 रुपये का जुमार्ना वसूला। साथ ही रेस्टोरेंट प्रबंधन को भविष्य में स्रोत पर ही कचरा पृथक्करण सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश और जागरूकता भी दी गई। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2016 का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ निगम की कार्रवाई लगातार तेज की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्विट हॉल, मैरिज हॉल, फार्म हाउस सहित सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की नियमित जांच की जा रही है। जहां भी कचरा पृथक्करण में लापरवाही पाई जा रही है, वहां नियमानुसार जुमार्ना वसूला जा रहा है।



उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनके अनुसार पहली बार नियम उल्लंघन पर 10,000 रुपये, दूसरी बार उल्लंघन पर 50,000 रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। यदि इसके बाद भी लापरवाही जारी रहती है, तो अंतिम बार 5 लाख रुपये का जुमार्ना, ट्रेड लाइसेंस निरस्त करने और आईपीसी की धारा 269 के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। इस विशेष कार्रवाई के तहत कवि नगर जोन के क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हिमांशु भारद्वाज द्वारा आरडीसी क्षेत्र में स्थित गौर मॉल के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बार्बीक्यू नेशन रेस्टोरेंट में स्रोत पर कचरा पृथक्करण न किए जाने की पुष्टि होने पर यह कार्रवाई की गई। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहरवासियों से अपील की है कि कचरा पृथक्करण को अपनी दैनिक आदत में शामिल करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर की जिम्मेदारी केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि हर नागरिक और हर व्यावसायिक प्रतिष्ठान की है।

गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करके नगर निगम के अधिकृत वाहनों में ही देने से शहर को साफ और स्वस्थ बनाया जा सकता है।

# तिबड़ा गांव के ग्रामीणों का तहसील मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के तिबड़ा गांव में पैतृक भूमि पर निर्माण कार्य को लेकर उपजे विवाद ने शुक्रवार को तूल पकड़ लिया, जब बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं तहसील मुख्यालय पहुंचकर लेखपाल के खिलाफ प्रदर्शन पर उतर आए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लेखपाल उनकी वैध पैतृक भूमि पर किए जा रहे निर्माण कार्य में अनावश्यक रूप से बाधा उत्पन्न कर रहा है, जिससे वे भारी मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि गांव लतीफपुर तिबड़ा में उनका लगभग आठ दशक पुराना निर्माण हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण ढह गया था। गिर चुकी चाहरदीवारी के चलते न केवल उनका घरेलू सामान असुरक्षित हो गया है, बल्कि पशुओं की सुरक्षा पर भी संकट मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि खुले स्थान के कारण आवारा पशु और कुत्ते उनके घरों में घुस रहे हैं, जिससे जान-माल का खतरा लगातार बना हुआ है।

ग्रामीण गोविंद शर्मा ने बताया कि हाल ही में आवारा कुत्तों ने उनकी एक गाय पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से टूटे हुए निर्माण को दोबारा खड़ा करने का निर्णय लिया, ताकि परिवार और पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ग्रामीणों के अनुसार, जैसे ही उन्होंने अपने पुराने निर्माण को पुनः बनवाने का कार्य शुरू किया, तभी एक लेखपाल मौके पर पहुंचा और निर्माण कार्य में कथित रूप से बाधा डालने लगा। ग्रामीणों का आरोप है कि लेखपाल ने बिना किसी स्पष्ट कारण या वैध आदेश के निर्माण रुकवा दिया, जिससे उनकी समस्या और बढ़ गई। अपनी मांगों को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने निष्पक्ष जांच कराकर निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने और संबंधित लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे मजबूरन बड़े स्तर पर आंदोलन करने को विवश होंगे। इस मामले में उपजिलाधिकारी अजीत सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कराई जाएगी और तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## प्लॉट बेचने के नाम पर 26 लाख रुपये हड़पने का आरोप

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में प्लॉट बेचने के नाम पर 26 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दंपति ने रुपये लेने के बाद भी तय समय पर प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं की और रुपये मांगने पर धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। साहिबाबाद क्षेत्र के लाजपत नगर में रहने वाले हरजिंद्र सिंह का कहना है कि उन्होंने मेन श्याम पार्क निवासी सुप्रिया मुखर्जी और उनके पति सिद्धार्थ मुखर्जी से ग्राम जगोला स्थित एक प्लॉट का सौदा 42.73 लाख रुपये में तय किया था। सौदा तय होने के बाद उन्होंने 26 लाख रुपये ऑनलाइन उनके खाते में ट्रांसफर कराने के बाद प्लॉट का इकरारनामा करा लिया था। बाकी रकम रजिस्ट्री के समय देने की बात तय हुई थी। हरजिंद्र का कहना है कि तय समय पर दंपति ने समस्या बताते हुए रजिस्ट्री नहीं की और न ही रजिस्ट्रार के ऑफिस पहुंचे। आरोप है कि कई बार कहने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं की गई। पीड़ित के अनुसार उन्होंने अपने रुपये वापस मांगे तो रजिस्ट्री कराने और रुपये वापस देने से साफ इनकार कर दिया।

## ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को मारी टक्कर

**गाजियाबाद।** अंकुर विहार क्षेत्र की नसबंदी कॉलोनी में ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से एक युवक के दाएं पैर की हड्डी टूट गई। अंकुर विहार थाना क्षेत्र की अल्वी नगर कॉलोनी निवासी अकबर अली का पुत्र फरहान अली और भतीजा अमन 11 दिसंबर सुबह बाइक से किसी कार्य से बलराम नगर कॉलोनी जा रहे थे। जब वह नसबंदी कॉलोनी के पास पहुंचे तो एक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनों युवक रोड पर जा गिरे। उन्होंने बताया कि टक्कर लगने से भतीजे अमन के दाएं पैर की हड्डी टूट गई। घटना को अंजाम देने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने गंभीर रूप से घायल भतीजे को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पीड़ित के परिजन की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## छह लाख की रंगदारी वसूलने के बाद 22 लाख और मांगे

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र में भूखंड खरीदने पर व्यक्ति से छह लाख की रंगदारी वसूलने का का मामला सामने आया है। अब आरोपी 22 लाख रुपये और रंगदारी मांग रहे। पीड़ित का आरोप है कि पिता–पुत्र रंगदारी न देने पर उन्हें और परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। असालतपुर निवासी जाकिर के अनुसार उन्होंने भनैड़ा खुर्द रिस्तल रोड पर 99 लाख रुपये में प्लॉट का सौदा तया किया था। इसमें 40 लाख रुपये प्लॉट के लिए ऑनलाइन दिए गए बाकी 59 लाख रकम रजिस्ट्री के समय 20 सितंबर में देना तय हुआ।

# सैफायर इंटरनेशनल स्कूल में SPHERE 2.0 का आयोजन

वेलकम इंडिया

नोएडा, 19 दिसंबर 2025: सैफायर इंटरनेशनल स्कूल ने आज अपना वार्षिक नवाचार प्रदर्शनी कार्यक्रम रढलएफए 2.0: ड्रीम. डिजाइन. डू. आयोजित किया, जिसमें विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नवाचार और अनुभवात्मक अधिगम का उत्सव मनाया गया।



इस कार्यक्रम में 42 छात्र-निर्मित प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए, जिनमें अकादमिक, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, वेलनेस और कला-संयोजित शिक्षण से जुड़े प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। टेकप्रेन्योर्स और स्टार्टअप स्टूडियो जैसे मंचों के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्मार्ट कार पार्किंग सिस्टम, लैक्टोचेक, स्मार्ट वॉटर इरिगेशन सॉल्यूशंस सहित हैपी टेल्स झ्र पेट बिस्किट्स और लिटबाइट्स झ्र एडिबल कैंडल्स जैसे छात्र-नेतृत्व वाले उपक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शोभा मुख्य अतिथि श्रीमती लता वैद्यनाथन, प्रख्यात शिक्षाविद् एवं मॉडर्न स्कूल, बाराखंभा रोड की पूर्व प्राचार्या, के साथ चेयरपर्सन श्री जीवन कुमार जैन, मैडम चेयरपर्सन सुश्री रेणु जैन, हेड ऑफ स्कूल श्री सौरभ सहगल तथा उप-प्राचार्या श्रीमती दिव्या कपूर की उपस्थिति से बढ़ी। अपने संबोधनों में वक्ताओं ने उद्देश्यपूर्ण शिक्षा और स्वतंत्र, चिंतनशील शिक्षार्थियों के निर्माण पर बल दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, वार्षिक विद्यालय रिपोर्ट का विमोचन, वर्ष 2040 में खोले जाने वाले टाइम कैप्सूल का अनावरण तथा मुख्य अतिथि का सम्मान कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहे, जिसने विद्यालय की समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया। सैफायर इंटरनेशनल स्कूल ने वर्ष 2003 में आनंद विहार, दिल्ली में अपने पहले अर्ली इयर्स कैंपस की स्थापना के साथ अपनी शैक्षणिक यात्रा की शुरूआत की। यह संस्थान इस विश्वास पर आधारित है कि प्रत्येक बच्चे में नेतृत्व की अंतर्निहित क्षमता होती है। वर्ष 2010 में सेक्टर 70, नोएडा में केझ्र12 कैंपस की स्थापना की गई, जिसके बाद 2016 में क्रॉसिंग्स रिपब्लिक, गाज़ियाबाद में एक और केझ्र12 कैंपस प्रारंभ हुआ। आज, सैफायर इंटरनेशनल स्कूल एक प्रतिष्ठित सह-शिक्षा संस्थान के रूप में भविष्य के लिए तैयार वैश्विक नागरिकों के निर्माण हेतु समर्पित है। सीबीएसई से संबद्ध और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप, विद्यालय एक समग्र एवं प्रगतिशील शिक्षण वातावरण प्रदान करता है, जिसे समर्पित शिक्षकों, सक्रिय अभिभावकों और सहयोगी समुदायों का सशक्त समर्थन प्राप्त है।

नो चाइल्ड लेफ्ट बिहाइंड दर्शन द्वारा प्रेरित होकर, हम प्रत्येक शिक्षार्थी को व्यक्तिगत सहयोग एवं विकास के समान अवसर सुनिश्चित करते हैं। शैक्षणिक उत्कृष्टता, सशक्त मूल्यों और सर्वांगीण विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिससे विद्यार्थी एक गतिशील वैश्विक परिवेश में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।

## सुन्दर दीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के विद्यार्थियों का शानदार भविष्य की ओर कदम

**गाजियाबाद।** डासना स्थित सुन्दर दीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रतिष्ठित सॉफ्टवेयर कंपनी हमिंगबर्ड टेक्नोलॉजी में प्लेसमेंट प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि से न केवल विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है, बल्कि संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशिक्षण प्रणाली की भी पुष्टि होती है।

गुरुवार को सुन्दर दीप ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स, गाजियाबाद परिसर में हमिंगबर्ड टेक्नोलॉजी द्वारा एक भव्य कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में बी.टेक. कंप्यूटर साइंस एवं बी.सी.ए. के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी तकनीकी दक्षता एवं संचार कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# दर्दनाक सड़क हादसा, कैंटर की टक्कर से दो किशोरों की मौत, तीसरा गंभीर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के भोजपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। चुडियाला गांव के निकट तेज रफ्तार कैंटर की चपेट में आने से बाइक सवार दो किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका तीसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी तीन किशोर एक ही बाइक पर सवार होकर पेट्रोल डलवाने के लिए सैदपुर से चुडि ?ला स्थित पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे चुडियाला गांव के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति में आ रहे एक कैंटर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में 15 वर्षीय इमरान और 16 वर्षीय वसीम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीसरा किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किशोर को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों किशोर बिना हेलमेट के बाइक चला रहे थे, जिससे हादसे की गंभीरता और बढ़ गई। टक्कर मारने के बाद कैंटर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही भोजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायल किशोर को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। मृतक वसीम के परिजनों की ओर से थाना भोजपुर में तहरीर दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार कैंटर चालक की तलाश में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपी चालक की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके। इस दर्दनाक हादसे के बाद गांव सैदपुर में मातम पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने और तेज रफ्तार वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने भी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# मोहन भागवत ने किया भगवान राम का अपमान... उनके पूर्व अवतार परशुराम को लक्कड़हारा कहा, यह सनातन का अपमान है: बीके शर्मा हनुमान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने मोहन भागवत द्वारा भगवान परशुराम पर टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया भगवान परशुराम हिंदू पौराणिक कथाओं में एक महत्वपूर्ण हस्ती हैं, जिन्हें भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। वह एक ब्राह्मण ऋषि के रूप में जन्मे थे, लेकिन उनमें क्षत्रिय योद्धा के गुण थे, जिन्होंने धर्म की रक्षा और अत्याचारी राजाओं को दंडित करने के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। सभी धर्म, सभी जात के लोगों को अपने आप पर गोर्बान्वित महसूस करना चाहिए, चाहे वो राजपूत हो, ब्राह्मण हो, कायस्थ हो, बढ़ई समाज के लोग हो, सबको गर्व होना चाहिए खुद की जाती पे धर्म पे। सवाल ये है कि, मोहन भागवत जैसे पढ़े लिखे लोग इस प्रकार के अमर्यादित असाक्षर टिप्पणी भगवान परशुराम पर करना उनकी काबियिलात चेहरे जो समाज के बीच है, यहां प्रश्ननचिन खड़ा करती है चुकी मोहन भागवत ने परशुराम जी को बढ़ई समाज का लकड़हारा बताया है,





और सबसे बड़ी बात तो उन्होंने ये कही है कि वे कोई ब्राह्मण पुत्र नहीं थे। तो इस प्रकार के टिक्का टिप्पणी के लिए उन्हें सर्वसमाज से एक बार माफी जरूर मांगनी चाहिए, और अपनी वाणी को वापस लेनी चाहिए बीके शर्मा हनुमान ने भगवान परशुराम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान परशुराम भृगुवंशी हैं। एक मान्यता अनुसार महर्षि भृगु का जन्म जिस समय हुआ, उस समय इनके पिता प्रचेता ब्रह्मा सुषानगर, जिसे बाद में पर्शिया कहा जाने लगा, भू-भाग के राजा थे। ब्रह्मा पद पर आसीन प्रचेता की दो 2 पत्नियां थी। पहली भृगु की माता वीरणी व दूसरी उरपुर की उर्वषी जिनके पुत्र वशिष्ठजी हुए। भृगु मुनि की दूसरी पत्नी दानवराज पुलोम की पुत्री पौलमी की तीन संतानें हुई। दो पुत्र च्यवन और ऋचीक तथा एक पुत्री हुई जिसका नाम रेणुका था च्यवन ऋषि का विवाह गुजरात के खम्भात की खाड़ी के राजा शर्याति की पुत्री सुकन्या के साथ हुआ। ऋचीक का विवाह महर्षि भृगु ने गाधिपुरी (गाजीपुर) के राजा गाधि की पुत्री सत्यवती के साथ किया। पुत्री रेणुका का विवाह भृगु मुनि ने उस समय विष्णु पद पर आसीन विवस्वान (सूर्य) के साथ किया, जो वैवस्वत मनु के पिता थे महर्षि भृगु के प्रपौत्र, वैदिक ऋषि ऋचीक के पौत्र, जमदग्नि के पुत्र, महाभारतकाल के वीर योद्धाओं भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण को अस्त्र-शस्त्रों की शिक्षा देने वाले गुरु, शस्त्र एवं शास्त्र के धनी ऋषि परशुराम का जीवन संघर्ष और विवादों से भरा रहा है। परशुराम योग, वेद और नीति में पारंगत थे। ब्रह्मास्त्र समेत विभिन्न दिव्यास्त्रों के संचालन में भी वे पारंगत थे। उन्होंने महर्षि विश्वामित्र एवं ऋचीक के आश्रम में शिक्षा प्राप्त की। कठिन तप से प्रसन्न हो भगवान विष्णु ने उन्हें कल्प के अंत तक तपस्यारत भूलोक पर रहने का वर दिया। इनके पिता का नाम जमदग्नि और माता का नाम रेणुका था। ऋचीक-सत्यवती के पुत्र जमदग्नि, जमदग्नि-रेणुका के पुत्र परशुराम थे। ऋचीक की पत्नी सत्यवती राजा गाधि (प्रसेनजित) की पुत्री और विश्वमित्र (ऋषि विश्वामित्र) की बहिन थी। देश के राजनीतिक दल ब्राह्मणों के योगदान को देश की जनता से लगातार झूठ बोल कर केवल उन्हें अपमानित करने का कार्य करते रहे, ब्राह्मणों के बारे में सिर्फ जातिवाद छुआछूत जैसे विचारों को लोगों के बीच परोसते गए। आज सब जगह जो ब्राह्मण अपमानित होता हैं उसमें सत्ताधारी दलों द्वारा का महत्वपूर्ण योगदान है उनके द्वारा यहां तक कि बच्चों को पढ़ाने की पुस्तकों में भी सिर्फ ब्राह्मणों की अच्छाइयों को छिपाकर नकारात्मता समाज के सामने परोसा जाने लगा।।

# जॉर्डन-ओमान यात्रा के दौरान यशोदा मेडिसिटी की डॉ. उपासना अरोड़ा ने रखा भारत का विजन

वेलकम इंडिया

**गाजियबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस दूरदर्शी दृष्टिकोण की पृष्ठभूमि में, जिसके तहत भारत को वैश्विक सहयोग के माध्यम से एक विश्वसनीय सेवा और स्वास्थ्य केंद्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है, जॉर्डन और ओमान की हालिया यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर महत्वपूर्ण संवाद देखने को मिला। इस अंतरराष्ट्रीय यात्रा में शुक्रवार को यशोदा मेडिसिटी की प्रबंध निदेशक डॉ. उपासना अरोड़ा ने एक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा लीडर के रूप में भारत की क्षमताओं, अनुभव और भविष्य की संभावनाओं पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। यात्रा के दौरान हुए विमर्श में भारत की उन्नत चिकित्सा सुविधाओं, अत्याधुनिक तकनीक, मजबूत अस्पताल प्रणालियों और मरीज-केंद्रित देखभाल मॉडल को लेकर गहन





चर्चा हुई। डॉ. उपासना अरोड़ा ने इस बात पर जोर दिया कि आज भारत केवल इलाज का केंद्र नहीं, बल्कि गुणवत्ता, भरोसे और किफायती स्वास्थ्य सेवाओं का वैश्विक प्रतीक बनकर उभर रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को ऐसे देश के रूप में देखा जा रहा है, जहां विश्वस्तरीय उपचार मानवीय संवेदनाओं और किफायती लागत के साथ उपलब्ध है। अपने विचार साझा करते हुए डॉ. अरोड़ा ने कहा कि आज स्वास्थ्य सेवा सीमाओं से परे जा चुकी है और वैश्विक संवाद व सहयोग के बिना सतत प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों के माध्यम से न केवल चिकित्सा ज्ञान और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान होता है, बल्कि मरीजों को बेहतर, सुरक्षित और निरंतर देखभाल उपलब्ध कराने के नए रास्ते भी खुलते हैं। इस यात्रा के दौरान मेडिकल वैल्यू ट्रैवल एक प्रमुख विषय के रूप में उभरा। चचाओं में यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय मरीज भारत के अनुभवी डॉक्टरों, उन्नत चिकित्सा तकनीकों और सुव्यवस्थित अस्पताल प्रणालियों पर भरोसा जता रहे हैं। भारत की यह बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता देश की स्वास्थ्य प्रणाली की मजबूती और निरंतर नवाचार का प्रमाण है। डॉ. उपासना अरोड़ा के अनुसार, संवादों में अस्पताल-से-अस्पताल सहयोग की व्यापक संभावनाओं पर भी विचार किया गया। इनमें क्लिनिकल ट्रेनिंग, सेकंड ओपिनियन सेवाएं, टेलीमेडिसिन, डिजिटल हेल्थ सॉल्यूशंस और इलाज के बाद की निरंतर देखभाल जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय सहयोग से न केवल उपचार की गुणवत्ता में सुधार होता है, बल्कि मरीजों की सुरक्षा और उपचार परिणामों को भी अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग को केवल रणनीतिक अवसर के रूप में नहीं, बल्कि मानवता की सेवा के साझा लक्ष्य के रूप में देख रहा है। जॉर्डन और ओमान जैसे देशों के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ता संवाद इस बात का संकेत है कि भारत आने वाले समय में वैश्विक स्वास्थ्य परिदृश्य में और अधिक प्रभावशाली भूमिका निभाने के लिए तैयार है।